हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026



आज नौसेना में होगा शामिल

दुश्मन की पनडुब्बियां उथले पानी में भी मंगरोल से नहीं बच पाएंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उथले पानी में भारत की मारक क्षमता और मजबूत होने वाली है। पनडुब्बी रोधी युद्धपोत शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) मंगरोल 12 अक्तूबर को नौसेना में शामिल होगा। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), कोच्चि की तरफ से निर्मित यह इस प्रकार का तीसरा युद्धपोत है। तटीय और उथले पानी में पानी के भीतर के खतरों का पता लगाने तथा उनका मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया मंगरोल आधुनिक हथियारों व सेंसरों से लैस है। समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन करेंगे।

स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर समेत कई खूबियां

इनमें अभय हल-माउंटेड सोनार, हल्के वजन के टॉरपीडो, एक स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर और मारीच उन्नत टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम शामिल हैं। तीन डीजल इंजनों से चलने वाला यह पोत उथले पानी में ऑपरेशन के दौरान आसानी से और तेजी से मुड़ने की क्षमता रखता है। यह पानी के नीचे निगरानी रखने, कम तीव्रता वाले समुद्री ऑपरेशन और माइन वॉरफेयर (सुरंग युद्ध) से जुड़े काम करने में भी सक्षम है।



खतरों का पता लगाकर तुरंत निपटता है

यह जहाज समुद्री गश्ती विमानों, हेलिकॉप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर पनडुब्बी से जुड़े खतरों का पता लगाने और उनसे निपटने का काम कर सकता है। इसके शामिल होने से नौसेना के पत्तन, बंदरगाहों और तटीय इलाकों की सुरक्षा करने की क्षमता बढ़ेगी।

80 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री

80 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से बना मंगरोल युद्धपोत के डिजाइन, निर्माण तथा उन्नत हथियारों व सेंसर को जोड़ने के मामले में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दिखाता है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत सीएसएल की तरफ से बनाया गया यह जहाज, रक्षा क्षेत्र में जहाज बनाने के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और अहम कदम है।

'मंगरोल' नाम गुजरात के बंदरगाह के नाम पर

नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'मंगरोल'। नामकरण का आधार गुजरात के जूनागढ़ जिले का तटीय शहर और मछली पकड़ने का प्रमुख काम करने वाला बंदरगाह 'मंगरोल'।

इन आधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस

- भारत के स्वदेशी युद्धपोत पर 'अभय' हल-माउंटेड सोनार, हल्के वजन के टॉरपीडो मौजूद रहेंगे
- एक स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर और 'मारीच' उन्नत टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम भी इंस्टॉल है
- वाटरजेट प्रोपल्शन (जल-नौदन प्रणाली) वाले तीन डीजल इंजनों से चलने वाला यह पोत उथले पानी में ऑपरेशन के दौरान आसानी से और तेज़ी से मुड़ने की क्षमता से लैस
- यह जहाज़ समुद्री गश्ती विमानों, हेलीकॉप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर पनडुब्बी से जुड़े खतरों का पता लगाने और उनसे निपटने के काम में सक्षम
- एम-85 की दिलाएगा याद
- गुजरात के जूनागढ़ जिले के एक तटीय शहर और प्रमुख मछली पकड़ने के बंदरगाह मंगरोल के नाम पर इसका नाम रखा गया है। यह पोत पूर्ववर्ती आईएनएस मंगरोल (एम-85) की विरासत को आगे बढ़ाता है जो एक सुरंगरोधी पोत था। उसने 07 अप्रैल, 2004 तक भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएं दी थीं

300 से ज्यादा घायल, 24 घंटे में 225 उड़ानें रद्द; 20 दिन में चौथा हमला

रियाद हवाई अड्डे पर हमला, एक भारतीय समेत 8 देशों के 12 की मौत

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच मध्य पूर्व में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा शनिवार को किए गए भीषण बैलिस्टिक मिसाइल हमले से बड़ी दुखद खबर आई है। इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए 11 भारतीय नागरिकों में से एक ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

एजेंसी ▶▶ रियाद

रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। अब हमले में मृतकों संख्या 12 हो गई है, जबकि 300 से अधिक घायल हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर है। मृतकों में 4 सऊदी, 2 बांग्लादेशी और अमेरिका, फिलिस्तीन, मिस्र, जॉर्डन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल हैं।

रियाद हवाई अड्डे पर तीसरा बड़ा हमला : इस सप्ताह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा यमन में हूतियों के खिलाफ शुरू किए गए बड़े सैन्य अभियान के बाद रियाद हवाई अड्डे को निशाना बनाकर किया गया यह तीसरा बड़ा हमला है। इससे पहले बुधवार और गुरुवार को हुए हमलों में एक पायलट सहित 3 सऊदी नागरिक और एक सूडानी नागरिक की मौत हो चुकी है।



एयर इंडिया ने रद्द की रियाद जाने वाली उड़ानें

किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमलों के मद्देनजर एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया ने रियाद से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों को 14 अक्टूबर तक और एयर इंडिया की उड़ानों को 15 अक्टूबर तक रद्द कर दिया गया है।

अमेरिका कर सकता है हूतियों पर हमला

अमेरिका हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब के साथ मिलकर सैन्य कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से पूछा गया कि क्या अमेरिका सऊदी अरब के साथ मिलकर हूतियों पर हमले करेगा तो उन्होंने कहा, हम ऐसा कर सकते हैं।

भारत ने कहा- आम नागरिकों पर हमले तुरंत बंद हों

भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को रियाद एयरपोर्ट पर हुए मिसाइल हमले की निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि आम नागरिकों और उनके इस्तेमाल वाली जगहों को बार-बार निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसे हमले तुरंत बंद होने चाहिए। भारत ने कहा कि वह सऊदी अरब की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा में वहां की सरकार और जनता के साथ खड़ा है। भारत ने उम्मीद जताई कि इस क्षेत्र में जल्द ही शांति बहाल होगी।

सऊदी सेना का 1150 हूती विद्रोहियों को मार गिराने का दावा

इधर, यमन की सरकारी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में देश के अलग-अलग मोर्चों पर किए गए 1,900 से अधिक हमलों में 1,150 से ज्यादा हूती लड़ाके मारे गए हैं। सरकारी सेना के प्रवक्ता माजिद अल-नुजैली ने कहा कि इन अभियानों में हूतियों के हथियार भंडार, सैन्य शिविर, किलेबंदी, तोपखाने की चौकियां, सैनिक जमावड़े और रसद आपूर्ति मार्गों को निशाना बनाया गया। सबसे भीषण लड़ाई दक्षिण-पश्चिमी यमन में स्थित रणनीतिक बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट के आसपास हो रही है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी जारी किया बयान

इस भीषण हमले के बाद भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा, 'इस मुश्किल परिस्थिति में हमारा दूतावास हर जरूरी कदम उठा रहा है। आप उनके अपडेट्स को फॉलो कर सकते हैं। उधर, भारतीय दूतावास ने कहा कि हम लगातार पीड़ित परिवार के संपर्क में हैं और उनके पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



भारत बनाएगा अगली पीढ़ी की हवाई ताकत : वायुसेना प्रमुख

एजेंसी ▶▶ इंफाल

तरंग शक्ति 2026 के बड़े अभ्यास में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने अपनी बात मजाकिया लहजे में रखते हुए माहौल को हल्का कर दिया। उन्होंने कहा, आप लोग हमें अपने विमानों के पास भी नहीं आने देते और अब हमें बेचने की बात करते हैं। उन्होंने तुरंत स्पष्ट किया कि यह बात उन्होंने सिर्फ मजाक में कही थी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हर देश स्वाभाविक तौर पर अपनी सैन्य तकनीक को सुरक्षित रखता है।



भारत एसयू-57 और एएमसीए के विकल्पों पर कर रहा विचार : भारत अभी रूस के एसयू-57 विमानों पर विचार कर रहा है। वहीं, अपनी अगली पीढ़ी के एएमसीए जेट विमानों पर भी काम जारी है। एक तरफ चीन लगातार अपने स्टील्थ बेड़े को बढ़ा रहा है और संभवत जे-35 लड़ाकू विमान पाकिस्तान को दे रहा है। ऐसे में भारत अपनी तत्काल जरूरतों और भविष्य के अपग्रेड्स के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

मणिपुर की ताजा हिंसा

छह नागा, दो कुकी एक गोरखा की मौत पीएम से मिले सीएम



एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के तीन पहाड़ी जिलों कामजोंग, उखरुल और कांगपोकपी में भड़की हिंसा में 9 लोगों की मौत हो गई है। नागा और कुकी समुदायों के बीच ताजा भड़की हिंसक झड़पों में जान गंवाने वालों में एक महिला भी शामिल है। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को हुई हिंसा में छह नागा, दो कुकी और गोरखा समुदाय के एक किसान की मौत हुई। इस बीच, मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की और राज्य सरकार द्वारा शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

हर मुद्दे का होगा समाधान : पीएम

प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि मणिपुर में स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य से जुड़े हर उचित मुद्दे का समाधान लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। खेमचंद सिंह ने प्रधानमंत्री से कुछ राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने का आग्रह किया।

सीएम ने की शांति-संयम बनाए रखने की अपील

मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने हिंसा और निर्दोष नागरिकों की हत्या की निंदा करते हुए लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थिति पर काबू पाने और कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया।

खबर संक्षेप

बिलबोर्ड मामला: पुलिस ने अभिषेक बनर्जी को नोटिस थमाया

कोलकाता। पुलिस रविवार को तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी नीत गुट के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के आवास पर पहुंची और कैमक स्ट्रीट पार्टी कार्यालय बिलबोर्ड मामले में फिर से पूछताछ के लिए बुलाने का नोटिस दिया। हफ्ते भर में पुलिस दूसरी बार डायमंड हार्बर सांसद के कालीघाट स्थित आवास पर इस उद्देश्य से पहुंची। इससे पहले, सात अक्टूबर को बनर्जी घर पर मौजूद नहीं थे और नोटिस लेने के लिए भी कोई उपलब्ध नहीं था।



दिल्ली में 50 लाख के 590 किलो पटाखे जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में एक दुकान के ऊपर बने गुप्त कक्ष से करीब 590 किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि जब्त किये गये पटाखों की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। अधिकारी के अनुसार, पुलिस की सतर्कता शाखा ने पुख्ता सूचना के आधार पर आठ अक्टूबर को बाजार गुलियान स्थित एक दुकान पर अचानक छापा मारा। पकड़े गए लोगों की पहचान जानकी दास और अभीक दास के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा कि ये पटाखे किसी अन्य व्यक्ति ने उन्हें दिये थे।



पीएम मोदी बोले- युवाओं के पास दुनिया को समाधान देने की ताकत

चेन्नई में पीएम मोदी ने 13 हजार करोड़ अधिक की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के चेन्नई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शहरीकरण चुनौती नहीं, बल्कि अवसर है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बन चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 11 गुना और रक्षा निर्यात 50 गुना बढ़ा है। पीएम मोदी ने मेट्रो सेवाओं के विस्तार, रोजगार के अवसरों और राज्य के विकास से देश के विकास के अपने मंत्र का भी जिक्र किया। तमिलनाडु के चेन्नई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय भी मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा को भी संबोधित किया।



अपने विचारों पर निडर होकर कार्य करें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बड़े सपने देखने, अलग सोचने और निडर होकर अपने विचारों पर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मैं काशी का प्रतिनिधि हूं। महान कवि सुब्रमण्यम भारती के शब्द हमें निडर होकर जीने की प्रेरणा देते हैं। मैं यहां मौजूद सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि खुद को निडर बनने का मौका दें। अपने विचारों पर काम करें, बड़े सपने देखें, अलग सोचें और निडर बनें। शिक्षा के साथ देशभक्ति से भरे नागरिक भी बनें।

नेपाल में फिर बाढ़, 35 मकान डूबे, पुल ढहे

अब लैंडस्लाइड का खतरा, अलर्ट

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के गोरखा जिले के चुमनुब्री गांवपालिका में रविवार सुबह अचानक भीषण बाढ़ आ गई। बूढ़ी गंडकी नदी में आई बाढ़ से पैयू और बगर गांवों के 35 मकान बह गए। बाढ़ के कारण कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है, जबकि कई मोटर पुल और झूला पुल भी बह गए हैं। अब लैंडस्लाइड का खतरा है।

प्रशासन ने नदी के निचले तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। गोरखा के प्रमुख जिला अधिकारी धरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि रविवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर बड़ी बाढ़ आने की सूचना मिली। स्थिति का जायजा लेने के लिए नेपाली सेना का हेलीकॉप्टर भेजने की तैयारी की जा रही है। बाढ़ में आरुघाट गांवपालिका के सोती और मान्बु को जोड़ने वाला मोटर पुल बह गया। पुलिस की मानें तो चुमनुब्री गांवपालिका के न्याकचेत में न्याकचेत और सिर्दिबास को जोड़ने वाला पुराना झूला पुल भी बह गया है। धार्चे गांवपालिका के माछीखोला से केरौजा को जोड़ने वाला झूला पुल और आरुघाट गांवपालिका और 3 गावों को जोड़ने वाला सोती स्थित लोहे का पक्का पुल भी बाढ़ की चपेट में आकर बह गया।



नदी किनारे रह रहे लोगों के लिए अलर्ट

चुमनुब्री गांवपालिका के अध्यक्ष निमा लामा के मुताबिक, गांवपालिका स्थित चुम्के खोला में भूस्खलन के कारण नदी का बहाव रुक गया था। इसके बाद अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ पूर्वानुमान महाशाखा ने लोगों को सतर्क करने के लिए एसएमएस अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी नदी किनारे रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। बाढ़ से दोभान, घट्टेखोला, जगत और सल्लेरी गांवों में भारी तबाही मची है।

जगत में लैंडस्लाइड का खतरा, 6 लोग एयरलिफ्ट

नेपाल के पीएम बालेन शाह ने भी बताया कि बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़ के बाद, नेपाली सेना की एक टुकड़ी को सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए हवाई और जमीनी रास्तों से तैनात किया गया है। उन्होंने कहा, जगत इलाके से 6 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया है, जहां लैंडस्लाइड का खतरा है। काठमांडू में तैनात कम्पोजिट क्विक रिएक्शन टीम को भी हवाई ट्रांसपोर्ट के जरिए बताए गए इलाके में तैनात किया गया है।

ग्रेटर नोएडा के एक निवासी को सीसीटीवी कैमरे ने अनाउंसमेंट के जरिए सिखाया सबक

'इधर आओ! कूड़ा क्यों डाला वहां..' रात के सन्नाटे में आई आवाज से घबराया शख्स

एजेंसी ▶▶ नोएडा

स्वच्छ भारत अभियान और स्मार्ट सिटी की निगरानी का असर अब रात के अंधेरे में भी साफ नजर आने लगा है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा-1 में एक शख्स रात के सन्नाटे में सड़क किनारे कचरा फेंककर जा रहा था, तभी अचानक लाउडस्पीकर से गूंजी आवाज ने उसे चौंका दिया। घबराए शख्स ने तुरंत अपना फेंका हुआ कचरा उठा लिया। यह पूरा वाकया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

एक्स पर शेयर किया गया वीडियो

इस वीडियो को एक्स पर शेयर किया गया है। वीडियो में एक शख्स दीवार के पास कचरे से भरी पॉलीथिन फेंककर जाने लगा। तभी स्मार्ट सिटी सीसीटीवी कैमरे से जुड़े स्पीकर से भारी आवाज गूंजी- "कूड़ा यहां से उठाओ हेलो! भाई, इधर आओ, इधर आओ कूड़ा क्यों डाला वहां पे? उठाओ इसको!" सड़क पर सन्नाटा था। अचानक खुद को संबोधित करती आवाज सुनकर शख्स पूरी तरह भौचक्का रह गया। वह इधर-उधर देखने लगा कि आवाज कहां से आ रही है।



कचरा उठाओ नहीं तो चालान कटेगा

तभी दोबारा चेतावनी दी गई- "सुबह चालान कटेगा आपका, सर आ गए आप कैमरे में कूड़ा उठाओ वहां से भाई, अभी उठा लो।" चालान और कैमरे में कैद होने की बात सुनते ही शख्स घबरा गया। वह तुरंत वापस लौटा, अपना फेंका हुआ कचरा उठाया और वहां से चला गया। स्थानीय स्तर पर इस पहल की तारीफ की जा रही है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद लोग साफ-सफाई को लेकर जागरूकता की जरूरत पर जोर दे रहे हैं। स्थानीय लोगों की राय है कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने की आदत रोकने के लिए जागरूकता के साथ नियमों का पालन भी जरूरी है।

रात-दिन कैमरे से की जाती है निगरानी

सेक्टर बीटा-1 के महासचिव हरेंद्र भाटी के मुताबिक, यह घटना कल रात करीब 10:15 बजे की है। उनके अनुसार, सेक्टर में रहने वाला एक व्यक्ति घर से कूड़ा लेकर आया और दीवार के किनारे उसे फेंककर जाने लगा। इसी दौरान सीसीटीवी कैमरे की निगरानी कर रहे व्यक्ति ने पब्लिक अनाउंसमेंट के जरिए उसे कूड़ा तत्काल उठाने को कहा। भाटी ने बताया कि सेक्टर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निगरानी के जरिए खुले में कूड़ा फेंकने वालों को चिन्हित किया जाता है और जरूरत पड़ने पर चालान की कार्रवाई कराई जाती है।

रील बनाना पड़ा महंगा, कोबरा ने स्नेक कैचर की ले ली जान

एजेंसी ▶▶ पुरी

सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह में खतरनाक स्टंट करना एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। ओडिशा के पुरी जिले में घर के बरामदे में जहरीले कोबरा के साथ वीडियो बनाते समय मशहूर स्नेक कैचर तपन कुमार प्रधान की मौत हो गई। तपन कुमार प्रधान को सांप द्वारा डसने का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तपन कुमार प्रधान जहरीले सांपों को पकड़ने और उनके साथ वीडियो बनाने के लिए जाने जाते थे। वह इंस्टाग्राम पर भी सांपों को संभालते हुए वीडियो शेयर करते थे, जिनमें से कई सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। तपन कुमार प्रधान की मौत की घटना ने सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए खतरनाक गतिविधियों में शामिल होने के जोखिम को एक बार फिर उजागर किया है।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

कोबरा के काटने के बाद परिजन तपन को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे. उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बाद में उन्हें पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की ज्योति विसर्जन यात्रा ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ बम्लेश्वरी धाम, डोंगरगढ़ के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा विगत चैत्र नवरात्रि के नवमी पर्व पर आयोजित ज्योति विसर्जन महायात्रा के दौरान 962 महिलाओं द्वारा सिर पर ज्योति कलश धारण कर परम्परानुसार ज्योति विसर्जन यात्रा करने के विहंगम व अद्भुत क्षण को विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित ▶▶| शेष पेज 5 पर

पहाड़ी पर कांसे की आवाज वाले पत्थर पर विराजी मां गरजाई

परमेश्वर यादव ▶▶| रसेला

गरियाबंद जिले के रसेला के पास माता का गरजाई धाम क्षेत्र के लोगों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। घने जंगलों से घिरे पहाड़ों के ऊपर स्थित है गरजाई। जैसा मां का नाम वैसी ही अपनी उपस्थिति का संकेत देती है मां गरजाई। अनगिनत पत्थरों के बीच 510 सीढ़ियों के ऊपर सबसे ऊंची पहाड़ी में स्थित है मां गरजाई। मूल रूप से धमना के जंगलों के पहाड़ी डोंगरी में विराजित मां गरजाई की ख्याति अब दूर-दूर तक फैल रही है। लोककथा के अनुसार मां गरजाई धमना की डोंगरी में अपनी बहन सोन ई रुपाई के साथ दरबार लगा कर बैठी थी कि एक चरवाहा वहां अपनी भेड़ खोजते अचानक पहुंच गया। माता गरजाई देवी ने उससे कहा कि वह वापस जाकर अपने घर में भेड़ को ▶▶| शेष पेज 5 पर

नवरात्रि-2 दिन

चरवाहे की एक भूल से जुड़ी अनूठी लोककथा



रमई पाठ धाम में विराजी हैं सीता मैया, आम की जड़ से निकल रहा बारहमासी जल



तेजराम ध्रुव ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोरिद खुर्द से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित रमई पाठ धाम धार्मिक आस्था, प्राकृतिक रहस्यों और प्राचीन धरोहरों का अनूठा संगम है। यहां प्राचीन प्रतिमाएं, प्राकृतिक जलस्रोत और वन क्षेत्र श्रद्धालुओं के साथ पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार यहां आठवीं शताब्दी से जुड़ी प्राचीन प्रतिमाएं मौजूद हैं। रमई पाठ में गादी माई की गोद में सीता मैया के विराजमान होने की मान्यता है। हर वर्ष शारदीय और चैत्र नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करवाते हैं। आम की जड़ से निकलता है ▶▶| शेष पेज 5 पर



साय कैबिनेट के दो प्रमुख फैसले, सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे करने पर पीएम का अभिनंदन भी किया गया

अग्निवीर बनेंगे सिपाही 36 को पहले मौका

आदिम जाति विभाग का नाम बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विष्णुदेव साय कैबिनेट ने अग्निवीरों के लिए सिपाही बनने का रास्ता साफ कर दिया है। रविवार को सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में 2 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें से एक अग्निवीरों का था। पूर्व अग्निवीर सैनिकों को गृह विभाग में आरक्षक के 36 पदों पर नियुक्ति को मंजूरी मिली। एक अन्य फैसले में छत्तीसगढ़ शासन कार्य आवंटन नियम में संशोधन करते हुए आदिम जाति विकास विभाग का नाम अब जनजातीय कार्य विभाग कर दिया गया है।

साय कैबिनेट की बैठक के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने संवाददाताओं को इसकी जानकारी दी। श्री साव ने बताया कि कैबिनेट बैठक के दौरान मंत्रिपरिषद ने दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिसमें पहला फैसला अग्निवीरों से जुड़ा है। पूर्व अग्निवीरों के लिए गृह विभाग में आरक्षक के कुल 36 पदों पर उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती की जाएगी। राज्य शासन द्वारा पूर्व अग्निवीरों के लिए इन पदों पर 10 प्रतिशत श्रेणीवार आरक्षण का प्रावधान पहले ही लागू कर दिया है।

कैबिनेट का दूसरा फैसला छत्तीसगढ़ शासन कार्य आवंटन नियम में संशोधन के प्रस्ताव से जुड़ा हुआ है. इसके तहत आदिम जाति विकास विभाग का नाम बदलकर जनजातीय कार्य विभाग किया जाएगा।

खास खबर

खबर संक्षेप

सीजीएसटी अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

भोपाल। सीबीआई ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय के एक अधीक्षक को दो लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। निवारक शाखा (मुख्यालय) में तैनात अधीक्षक राजेश कुमार के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया था। बयान में बताया गया कि कुमार पर भोपाल की एक कंपनी के मालिक से हर महीने दो लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।

गुजरात मॉडल से छत्तीसगढ़ को मिली विकास की दिशा-साय

मोदी के 25 साल के नेतृत्व पर कैबिनेट ने किया अभिनंदन

साय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के मुखिया के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे होने पर अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता में सरकार के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सुशासन, गरीब कल्याण, डिजिटल तकनीक और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिली है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के नेतृत्व को जनसेवा, राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के सिद्धांतों से जुड़ी यात्रा बताया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की तीन करोड़ जनता और मंत्रिपरिषद की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घकालीन राष्ट्रसेवा की कामना की। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य के समन्वय से छत्तीसगढ़ में विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



गुजरात मॉडल को कई राज्यों ने अपनाया

साय ने कहा, नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर लगातार 13 साल तक काम कर चुके हैं। इस दौरान गुजरात में विकास का एक मॉडल तैयार हुआ, जिसे 'गुजरात मॉडल' के नाम से पहचान मिली। कई राज्यों ने भी इसे अपनाया। उन्होंने कहा, कच्छ में आए भीषण भूकंप से पूरा इलाका तबाह हो गया ▶▶| शेष पेज 5 पर

बस्तर में विकास को गति देने का दावा

मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलवाद प्रदेश के विकास में बड़ी बाधा बन गया था। एक समय ऐसा लगता था कि इसका अंत हो भी पाएगा या नहीं। बस्तर के भोले-भाले लोग कहीं लंबे समय तक विकास से दूर न रह जाएं, ऐसी चिंता बनी रहती थी। नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद इस दिशा में बदलाव आया है। नक्सलवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाई हुई और अब छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्ति की ओर बढ़ा है। उन्होंने इसे प्रदेश के विकास के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने बताया कि नक्सल ▶▶| शेष पेज 5 पर

2047 तक विकसित देश बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना और अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचाना है। इसी लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने सशक्त भारत का जिक्र करते हुए कहा, 2014 से पहले पाकिस्तान की ओर से बार-बार उकसाने वाली घटनाएं होती थीं। उस समय की सरकार बातचीत के जरिए मामले सुलझाने की कोशिश करती थी। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा, भारतीय ▶▶| शेष पेज 5 पर



बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे और विकास के दावों के बीच सुकमा जिले के आदिवासी बच्चों की शिक्षा व्यवस्था आज भी कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। वर्ष 2006 में सलवा जुडूम के दौर में विस्थापन की मार झेलने वाले आश्रम-छात्रावासों की समस्या करीब 2 दशक बाद भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

नक्सलमुक्त के बाद भी विस्थापन का दंश झेल रहे आदिवासी बच्चे

लीलाधर राठी ⏭ सुकमा

अपनों से 100 किमी दूर रहकर पढ़ने की मजबूरी, सरकारी दस्तावेज में 18 संस्थाओं की स्थिति उजागर

हालात यह हैं कि कई बच्चे अपने घर और पालकों से 35 से 100 किलोमीटर तक दूर रहकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। वहीं, कुछ संस्थाओं में भवन और शिक्षकों की कमी भी बच्चों की शिक्षा को प्रभावित करने वाली चिंता बनी हुई है। आदिवासी विकास विभाग सुकमा के एक सरकारी दस्तावेज में भवनविहीन एवं विस्थापित आश्रम-छात्रावासों की स्थिति दर्ज है। दस्तावेज के अनुसार, 8 संस्थाएं भवनविहीन एवं विस्थापित श्रेणी में दर्ज हैं, जबकि दस के करीब अन्य संस्थाओं के भवन मूल गांव से अलग स्थानों पर निर्मित हैं। इन्हें मूल गांव में स्थानांतरित करने के लिए नए भवन निर्माण की आवश्यकता बताई गई है। इस तरह कुल ढेड़ दर्जन संस्थाओं की स्थिति सरकारी रिकॉर्ड में सामने आती है। सवाल है कि जब विस्थापन की परिस्थितियों को बीते लगभग 20 वर्ष हो चुके हैं, तो इन संस्थाओं को बच्चों के गांवों के करीब लाने के लिए अब तक कितनी ठोस पहल हुई।

विकास के दावों की असली परीक्षा

सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास को प्राथमिकता देने की बात करती है। लेकिन विकास का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा, जब आदिवासी बच्चों को अपने गांव के करीब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। केवल भवन निर्माण की घोषणा या विस्थापित संस्थाओं की सूची तैयार करना पर्याप्त नहीं है। जरूरी है कि प्रत्येक आश्रम की स्थिति की समीक्षा कर स्थानांतरण, नए भवन निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए।

अलग खबर



शासन को अवगत कराया गया है : इस संबध में जिले के सहायक आयुक्त हेमंत सिन्हा ने कहा कि विस्थापन व भवन की कमी की जानकारी से शासन को अवगत करा दिया गया है। जैसे जैसे भवन बनेंगे वैसे वैसे गांव के नजदीक ले जाया जाएगा।

अधीक्षक के अलावा एक शिक्षक, कैसे सुधरेगी पढ़ाई

2006 से विस्थापित आश्रम गोंडेरास की एक और गंभीर समस्या शिक्षकों की कमी है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, यहां अधीक्षक के अलावा केवल एक शिक्षक पदस्थ है। ऐसे में सवाल उठता है कि सीमित शिक्षकीय अमले के सहारे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन कैसे मिल रहा है।

कब मुक्त होंगे विस्थापन के दंश से

नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र में शांति स्थापित करना उपलब्धि है, लेकिन उस शांति का लाभ बच्चों तक पहुंचना उससे भी अधिक जरूरी है। यदि करीब दो दशक बाद भी आदिवासी बच्चों को अपने घर से दूर रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही है, तो यह सरकारी विकास के दावों के सामने बड़ा सवाल है। अब जरूरत घोषणाओं की नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की है, ताकि आने वाली पीढ़ी को विस्थापन की विरासत नहीं, बल्कि अपने गांव के करीब बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य मिल सके।

सुकमा विकासखंड के बालक आश्रम गोंडेरास की स्थिति इस समस्या का उदाहरण है। स्थानीय जानकारी के अनुसार, गोंडेरास और गोंदपल्ली के लगभग 15 बच्चे अपने घर से करीब 50 किलोमीटर दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

20 साल से मुक्तिधाम तक सड़क और प्रतीक्षालय का इंतजार

बालोद। जिले की ग्राम पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं की कमी का असर अब अंतिम संस्कार जैसी अत्यंत संवेदनशील व्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। ग्राम पंचायत नेवारीकला में पिछले करीब 20 वर्षों से मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण और प्रतीक्षालय की मांग की जा रही हैए लेकिन अब तक ग्रामीणों को इन सुविधाओं का इंतजार है। मुक्तिधाम में शेड और प्रतीक्षालय कक्ष नहीं होने के कारण मृतकों के परिजनों एवं अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत नेवारीकला में मुक्तिधाम से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का अभाव लंबे समय से बना हुआ है। यहां न तो अंतिम संस्कार के लिए शेड की व्यवस्था है और न ही परिजनों एवं ग्रामीणों के बैठने के लिए प्रतीक्षालय कक्ष का निर्माण हो पाया है। मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए सुविधाजनक मार्ग की कमी भी परेशानी बढ़ाती है।

घायल बेटी का इलाज जारी, पुलिस कर रही संदेहियों से पूछताछ

डोंगरगढ़। जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौथना में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में घायल युवती का राजधानी रायपुर में इलाज जारी है। ज्ञात हो इस वारदात में पहले ही मां कमला सोनकर और उनके बेटे की हत्या हो चुकी थी। वहीं युवती भी अब तक होश में नहीं आई है, हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि सेहत में सुधार दिखाई दे रहा है। जल्द ही स्थिति सामान्य हो सकती है। इधर घटना के बाद से गांव में शोक और भय का माहौल है। वहीं वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच और साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना के दौरान परिवार का मुखिया घर से बाहर था। इसी बीच घर में हुए हमले में कमला सोनकर और उनके बेटे की जान चली गई। जबकि बेटी ममता सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में भर्ती कराया गया था।

स्कूटी डीलरशिप के नाम पर 31.80 लाख की ठगी

गुरूर। थाना सनौद क्षेत्रंतर्गत आरोपी द्वारा इलेक्ट्रिकल स्कूटी वाहन का डीलरशीप लेने पर कैश बैक देने का झांसा देकर कुल 31,80,000 रूपये का धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी सीईओ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले में ग्राम भानपुरी थाना गुरूर जिला बालोद निवासी प्रार्थी मनीष कुमार साहू पिता फत्ते लाल साहू 27 वर्ष द्वारा 05 मई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि सीबीके ईवी मोटरर्स, सीबीके सर्विस सेंटर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी रायपुर के आरोपीगण कंपनी सीईओ नंदकिशोर साहू, कंपनी एमडी लोकेश द्विवेदी, कंपनी सीएमडी पुरुषोत्तम साहू, द्वारा प्रार्थी को अपने कंपनी द्वारा इलेक्ट्रिकल स्कूटी, स्कूल वेन, लोडर वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक सामानों का डीलरशीप लेने पर 100 प्रतिशत कैशबैक दिया जायेगा बताने पर प्रार्थी द्वारा कंपनी को 10,00,000 रूपये का डीलरशीप देने पर कंपनी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।

बिरबिरा दोहरा हत्याकांड का खुलासा : आरोपी गिरफ्तार, टंगिया-हंसिया समेत जेवर बरामद

जादू- टोने के शक में बुजुर्ग दंपती को पड़ोसी युवक ने कुल्हाड़ी से काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

राजधानी रायपुर से लगे ग्राम आरंग के बिरबिरा में मां की हत्या जादू- टोने से किए जाने के लिए बुजुर्ग दंपती को मानते हुए पड़ोसी युवक ने दोनों को कुल्हाड़ी से काट डाला था। महिला पर इतने वार किए थे कि उसकी आंखें बाहर आ गई थीं। महिला के शरीर के जेवर सहित अन्य जेवरात व सामान लेकर फरार हो गया था। हत्या के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेवरात, हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया है।

- आरंग पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी
- महिला के शरीर से उतारे जेवरात

पुलिस के अनुसार, ग्राम बिरबिरा निवासी सदाशी राम साहू और उनकी पत्नी आसबती साहू की हत्या के मामले में गांव के ही प्रमोद उर्फ रॉकी (22), पिता सुशील साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टंगिया, हंसिया, खून लगी जींस पैंट और लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 6 अक्टूबर 2026 की रात करीब 11.30 बजे को सदाशी साहू (65) और उनकी पत्नी आसबती साहू (62) खाना खाने के बाद सो गए थे। उसके बाद पड़ोसी प्रमोद साहू कुल्हाड़ी और हंसिया लेकर अपने घर की छत से दंपती के घर पहुंच गया। के सो जाने के बाद आरोपी टंगिया और हंसिया लेकर अपने मकान की छत से निकला। वह प्रहलाद साहू के मकान की छत पार कर सदाशी साहू के घर की छत से नीचे उतरा। पहले कमरे में सो रहे सदाशी राम साहू के सिर पर टंगिया से वार किया। इसके बाद दूसरे कमरे में सो रही आसबती साहू के सिर और गले पर टंगिया तथा सीने-पेट पर हंसिया से हमला किया। दोनों की मौके पर मौत हो गई।

हत्या के बाद जेवरात व अन्य सामान लेकर भागा : पुलिस के अनुसार, आरोपी को पहले से जानकारी थी कि दंपती के पास पर्याप्त कृषि भूमि है और आसबती साहू अक्सर सोने-चांदी के आभूषण पहनती थीं। हत्या के बाद वह चांदी का कमरबंध, ऐंठी, माला, सोने की खिनवा तथा घर में रखी अंगूठी, बिछिया और सिक्के ले गया। वारदात के बाद उसने हथियारों को नाली में धोकर सफेद बोरी में रखा और तामासिवनी रोड किनारे झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर सामान बरामद किया।

हत्या, टोनही प्रताड़ना अधिनियम सहित अन्य धाराओं में गिरफ्तार

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 481/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 331(7) में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपी प्रमोद उर्फ रॉकी के विरुद्ध धारा 109(6) बीएनएस तथा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना अधिनियम की धारा 4 और 5 भी जोड़ी गईं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।अंधविश्वास की रंजिश में दो बुजुर्गों की जान चली गई। बिरबिरा की इस वारदात ने जादू-टोने के संदेह से उपजे हिंसक अपराध की गंभीरता को सामने ला दिया है। पुलिस की जांच में हत्या और लूट की कड़ियां जुड़ने के बाद मामले का खुलासा हुआ।



मां की मौत के लिए दंपती को मानता था जिम्मेदार

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी की मां की करीब एक वर्ष पहले मृत्यु हुई थी। इसके बाद वह संदेह करने लगा था कि सदाशी साहू और उनकी पत्नी ने जादू-टोना कर उसकी मां की जान ली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी गांव में भी इस आशंका का जिक्र करता था। इसी अंधविश्वास और रंजिश को उसने हत्या की वजह बताया। 8 अक्टूबर को ग्राम बिरबिरा के सरपंच चम्मन लाल साहू ने आरंग थाने में सूचना दी थी कि सदाशी साहू और उनकी पत्नी की घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। दोनों के शव घर के अलग-अलग कमरों में मिले थे।

सेंध लगाकर जेवर दुकान में घुसे नकाबपोश, चाकू की नोक पर लूट

अंबिकापुर। लुंड्रा के रघुनाथपुर स्थित जेवर दुकान में सेंधमारी और लूट का मामला सामने आया है। दुकान में घुसे नकाबपोश लुटेरों ने संचालक के पुत्र से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चांदी के जेवर लेकर फरार हो गये। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- रघुनाथपुर बस स्टैंड के समीप हुई घटना, दुकान में ही सोया था संचालक

बताया जा रहा है कि लुंड्रा के रघुनाथपुर स्थित बस स्टैंड के समीप अशोक सोनी की अशोक ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है। दुकान के पीछे दो अतिरिक्त कमरे बने हुए है। संचालक अपने दुकान के सोने के जेवर रात को घर लेकर चले जाते है। इसके साथ ही संचालक का एक पुत्र रात के समय दुकान में ही सोता है। इस बीच बीती रात तीन अज्ञात नकाबपोश लुटेरे दुकान के पीछे स्थित रहर बाड़ी की तरफ से पिछले के दो कमरों में सेंध लगाकार लकड़ी का दरवाजा खोल लिया और अंदर घुस आए। दुकान में संचालक का पुत्र करण सोनी सो रहा था इस लिए जेवर दुकान वाले कक्ष का दरवाजा बंद नहीं था। देर रात लगभग तीन बजे नकाबपोश बदमाश दुकान से चांदी के जेवर एकत्रित कर रहे थे। इसी बीच करण सोनी की नींद खुल गई। दुकान में तीन नकाबपोश लोगों को देखकर वह डर गया और शोर मचाने लगा। शोर मचाने पर बदमाशों ने बांस के डंडे से उसपर हमला कर दिया। इस दौरान डंडा टूट गया।

केन मेमोरियल के हॉस्टल में छात्र की करंट की चपेट में आकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले कक्षा आठवी के छात्र की देर रात संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। छात्र हॉस्टल के कमरे में लगे दरवाजे को खोल रहा था, तभी दरवाजे में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने के बाद देर रात उसे हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने हॉस्टल में रखरखाव एवं व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन का कहना कि हॉस्टल में व्याप्त अव्यवस्था एवं लापरवाही से एक नाबालिग छात्र की जान चली गई। इस घटना के बाद से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। वही परिजन में चिंता का माहौल बन गया है।

- सीतापुर के ग्राम सुर में कक्षा आठवीं का था छात्र
- परिजन सदमे में, जांच व कार्रवाई की मांग

उक्त घटना ग्राम सुर स्थित केन मेमोरियल स्कूल के हॉस्टल की है जहां जशपुर जिले के ग्राम तमता निवास शिक्षक विकास के 15 वर्षीय पुत्र आशुतोष रहकर कक्षा आठवी की पढ़ाई करता था। शनिवार की रात वो जब हॉस्टल के रूम का दरवाजा खोला तो उसे झटका लगा और छात्र बेहोश हो गया। छात्र को उपचार हेतु देर रात हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। छात्र के मौत के पीछे करंट लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि छात्र ने जिस दरवाजे को खोला था उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था।जिसकी चपेट में छात्र आ गया और उसकी मौत हो गई।



माता पिता का इकलौता बेट

घटना की खबर पाते ही मृत छात्र के माता पिता हॉस्पिटल पहुंचे और अपने बेटे के शव से बिलख बिलखकर रोने लगे। मृतक आशुतोष अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। जिसे उसके घरवाले पढ़ाई के लिए केन मेमोरियल स्कूल में दाखिला कराये थे। मृतक छात्र हॉस्टल में रहकर कक्षा आठवी की पढ़ाई कर रहा था। छात्र पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी काफी होनहार था। माता पिता को अपने इकलौते बेटे से काफी उम्मीदें थीं लेकिन केन मेमोरियल स्कूल के हॉस्टल ने उनकी सारी उम्मीदों को एक झटके में ही खत्म कर दिया। इस घटना से मां सदमे में आ गई है उसका रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करते हुए छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने कहा कि हॉस्टल में रहने वाले छात्र की मौत करंट की वजह से होना प्रतीत होता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मौत के बारे में स्पष्ट बताया जा सकता है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हॉस्टल व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल

केन मेमोरियल स्कूल द्वारा संचालित हॉस्टल में नाबालिग छात्र की मौत से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। मृत छात्र के परिजन का कहना है कि हॉस्टल में व्याप्त अव्यवस्था एवं लापरवाही ने होनहार छात्र एवं माता पिता के इकलौते बेटे की जान ले ली। इस घटना के बाद से हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के परिजन के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई है। हॉस्टल के कमरे के दरवाजे में करंट का प्रवाहित होने और प्रबंधन को इसकी भनक तक नही लगना घोर लापरवाही को दर्शाता है। परिजनों ने हॉस्टल की व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि प्रबंधन को हॉस्टल के रखरखाव एवं व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए था। अगर प्रबंधन गंभीरता से ध्यान दी होती तो आज एक नाबालिग छात्र की जान नही जाती।

छात्रा को कार्यालय में बुलाकर छेड़छाड़, प्रभारी प्राचार्य गिरफ्तार

महासमुंद। जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद व्याख्याता व प्रभारी प्राचार्य जीवनलाल देवांगन को तुमगांव पुलिस ने अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को आधे दिन बाद स्कूल में छुट्टी हो गई थी। प्रभारी प्राचार्य ने अन्य कर्मचारियों को जल्दी छुट्टी देकर छात्रा को अपने कार्यालय में बुलाया और उसके साथ छेड़छाड़ की। घटना के बाद छात्रा रोते हुए घर पहुंची और मां को पूरी बात बताई। इसी बीच कार्यालय में ताला लगाने पहुंचे सफाई कर्मचारी ने भी छात्रा को रोते हुए देखा। आरोप है कि कुछ समय बाद प्रभारी प्राचार्य छात्रा के घर पहुंचे और मामला खत्म करने की बात कही। इससे नाराज छात्रा की मां ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। विवाद और आक्रोश बढ़ने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।

शराब के नशे में होने का आरोप

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य नशे में धुत था। थाने में परीक्षण भी कराया गया जिसमें प्राचार्य द्वारा शराब के नशे में होने की जानकारी मिली है। शिकायतकर्ताओं ने शिक्षक के शराब के नशे में होने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि उनका अल्कोहल परीक्षण भी कराया गया है।

शासकीय कार्य में बाधा डालने पर जनपद सदस्य और निर्माण समिति के अध्यक्ष दास गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पखांजूर तहसील के पीव्ही 52 जयपुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कोयलीबेड़ा विकासखंड के गोंडाहुर क्षेत्र के जनपद सदस्य वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा। इस मामले में वनपाल एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी हांकेर गोदावरी कोर्राम की शिकायत पर गोंडाहुर थाना की पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

वनपाल गोदावरी कोर्राम ने पुलिस को बताया कि 9 अक्टूबर को जानकारी मिली कि कक्ष क्रमांक आरएफ/1142 के अंतर्गत आने वाले आरक्षित वनक्षेत्र में स्थित 25 हेक्टेयर के रोपण स्थल पर कथित रूप से अवैध अतिक्रमण कर मक्का की खेती की जा रही है। शिकायत में इस अतिक्रमण के लिए परिमल दास पिता हरिमोहन दास निवासी पीव्ही-52 जयपुर का नाम उल्लेखित किया गया है। वन विभाग की टीम 10 अक्टूबर को संबंधित स्थल पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने एवं बेदखली की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद थे और निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही थी।



पहले भी जा चुका है जेल

गोण्डाहूर के धान खरीदी में 2012-13 में फड़मुंशी के रूप में कार्यरत था, उसी वर्ष धान खरीदी के दौरान 1521.73 क्विंटल धान की कमी पाई गई थी। विभागीय जांच एवं राशि वापसी के प्रयासों के बाद भी पूरी राशि जमा नहीं होने पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। धान खरीदी के दौरान 20 लाख 13 हजार 248 रुपये की कथित गड़बड़ी कर लिया था। शिकायत पर हरिमोहन दास के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 408, 409, 420 एवं 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

होलीक्रॉस अस्पताल, गिरजाघर और लोयोला कॉलेज परिसर में मचाई तबाही

हाथी का उत्पात, कई जगह तोड़ीं दीवारें और लौटा जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर में रविवार तड़के एक नर दंतैल हाथी के अचानक प्रवेश करने से लोगों में दहशत फैल गई। लोटापानी जंगल से नवाटोली होते हुए नगर में पहुंचे हाथी ने होलीक्रॉस अस्पताल परिसर में उत्पात मचाया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर लोयोला कॉलेज परिसर में जा घुसा। इस दौरान हाथी ने कुनकुरी गिरजाघर, पुराने डाकघर, लोयोला कॉलेज और आसपास के कई मकानों की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। उत्पात मचाने के बाद हाथी बरोबहार जंगल की ओर निकल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6 बजे नगर में दंतैल हाथी के पहुंचने की जानकारी सामने आई। हाथी लोटापानी जंगल से नवाटोली के रास्ते आबादी वाले क्षेत्र में दाखिल हुआ था। सबसे पहले उसने होलीक्रॉस अस्पताल परिसर में दस्तक दी। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते हुए लोयोला कॉलेज के अहाते में पहुंच गया। हाथी ने रास्ते में कई स्थानों पर दीवारों को नुकसान पहुंचाया। अचानक हाथी के नगर में पहुंचने से लोगों में भय का माहौल बन गया।



हाथी को न छेड़ें, दूरी बनाए रखें

वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेन्द्र होता ने बताया कि वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि हाथी के पास जाने, उसे भगाने के लिए पत्थर मारने, शोर मचाने या किसी अन्य तरीके से परेशान करने का प्रयास न करें। ऐसा करने पर हाथी आक्रामक हो सकता है।

फोटो व वीडियो बनाने की मनाही

उन्होंने लोगों से हाथी के करीब जाकर फोटो खींचने और वीडियो बनाने से बचने की भी अपील की। विशेष रूप से बच्चों को अकेले बाहर नहीं भेजने और हाथी दिखाई देने पर सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है। हाथी की मौजूदगी की जानकारी तत्काल वन विभाग को देने की अपील की गई है, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बार-बार बस्ती में पहुंच रहा हाथी

बताया जा रहा है कि दंतैल हाथी बार-बार जंगल से निकलकर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ रहा है। इससे नगर और आसपास के इलाकों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। हाथी की आवाजाही को देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार उसके विचरण पर नजर रख रही है, ताकि लोगों को सतर्क किया जा सके और किसी अप्रिय घटना को रोकी जा सके।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

50 सीटों के लिए 3 एकड़ और 100 सीटों के लिए 5 एकड़ जमीन अनिवार्य

यूनिवर्सिटी खोलने के लिए नहीं चाहिए जमीन, पर योग कॉलेज के लिए तीन से पांच एकड़ भूखंड जरूरी

हरिभूमि न्यूज़ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगर किसी को प्राइवेट यूनिवर्सिटी खोलना है तो उसके लिए जमीन कितनी होनी चाहिए, इसकी कोई अनिवार्यता अब नहीं है। लेकिन राज्य में ही अगर कोई योग विज्ञान कॉलेज शुरु करना चाहेगा तो उसके लिए 3 से 5 एकड़ जमीन होने की अनिवार्य शर्त रखी ▶▶शेष पेज 5 पर

खास खबर



न्यूनतम 30 वर्ष के लीज पर

नए नियमों के अनुसार, राज्य में प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान स्नातक महाविद्यालय एवं संलग्न अस्पताल शुरू करने के लिए भूमि के कड़े मानदंड तय किए गए हैं। 50 सीटों की प्रवेश क्षमता वाले कॉलेजों के लिए न्यूनतम 3 एकड़ का एक ही भूखंड अनिवार्य होगा। 51 से 100 सीटों की प्रवेश क्षमता के लिए कुल 5 एकड़ भूमि आवश्यक होगी। यह भूमि अधिकतम दो प्लॉट में हो सकती है, जिनकी आपस में दूरी 5 किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। भूमि का स्वामित्व- भूमि संस्था या सोसायटी के नाम से होनी चाहिए या न्यूनतम 30 वर्ष के लीज पर होनी चाहिए।

हर्बल गार्डन में कितने पौधे लगाने हैं..

इस योग कॉलेज में हर्बल गार्डन का होना जरूरी है। वनौषधि उद्यान 50 सीटों के लिए न्यूनतम 2,500 वर्ग मीटर भूमि पर 50 किस्मों के 500 औषधीय पौधे तथा 51-100 सीटों के लिए 4,000 वर्ग मीटर भूमि पर 70 किस्मों के 1,000 पौधे लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही 50 सीटों तक: अस्पताल भवन का निर्मित क्षेत्र 1,500 वर्ग मीटर तथा कॉलेज भवन का निर्मित क्षेत्र 1,500 वर्ग मीटर होना अनिवार्य है। 51 से 100 सीटों तक: अस्पताल और कॉलेज दोनों के लिए 2,800-2,800 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र की आवश्यकता होगी।

यूनिवर्सिटी के लिए जमीन का कोई पैमाना नहीं

राज्य शासन ने हाल ही में प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए जमीन संबंधी पूर्व के कड़े नियम में ढील दी है। इसके साथ ही जमीन का क्राइटेरिया लगभग खत्म ही कर दिया है। नए प्रावधान के मुताबिक निर्मित क्षेत्र न्यूनतम 1,00,000 वर्गफीट भवन एवं सहायक संरचनाएं जमीन और भवन केवल विश्वविद्यालय के उद्देश्य के लिए उपयोग के लिए होगा, ये नियम बना है। 1,00,000 वर्गफुट निर्मित क्षेत्र की शर्त है। इसका मतलब यह नहीं है कि जमीन भी केवल 1,00,000 वर्गफुट होनी चाहिए। यह भवनों के कुल निर्मित क्षेत्र का रूपांतरण है, जमीन की न्यूनतम सीमा का नहीं।

Vinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पीएम मोदी ने चेन्नई के मंदिर में की पूजा-अर्चना



चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास परिसर स्थित एक मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के साथ श्री जलकंठेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

कार ने दोपहिया को मारी टक्कर, तीन की मौत

कोच्चि। केरलम में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना यहां नेदुंबस्सेरी हवाई अड्डे के पास देर रात करीब दो बजे हुई, जब तीनों पास की एक दुकान पर चाय पीने के बाद घर लौट रहे थे। उनके दोपहिया वाहन को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोग तीनों को तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी मौत हो गई।

मैसूरु में पारंपरिक दशहरा उत्सव शुरू

मैसूरु। महलों के शहर मैसूरु में 11 दिन तक चलने वाले प्रसिद्ध दशहरा उत्सव की शुरुआत रविवार को धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ हुई। कोप्पल के गविमठ के पुजारी अभिनव गविसिद्धेश्वर महास्वामीजी ने उत्सव का उद्घाटन किया। 'नाडा हब्बा' (राज्य उत्सव) के रूप में मनाया जाने वाला दशहरा या 'शरण नवरात्र' उत्सव इस साल काफी भव्य होने की उम्मीद है।



आईआईआईटी का छात्र फंदे से लटका मिला

रांची। झारखंड की राजधानी रांची स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के प्रथम वर्ष के एक छात्र का शव छात्रावास के कमरे में छत से लटका मिला। घटना का पता शनिवार रात उस समय चला, जब छात्रावास के अन्य विद्यार्थियों ने कमरे को अंदर से बंद पाया और संस्थान प्रशासन को इसकी सूचना दी।

43 करोड़ की मादक पदार्थों की खेप जब्त

गुवाहाटी। गुवाहाटी में 43 करोड़ की मादक पदार्थों की एक खेप जब्त की है, जिसे म्यांमा से भारत के अन्य हिस्सों में ले जाया जा रहा था। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने कहा, एनसीबी ने छह अक्टूबर को की गई इस कार्रवाई के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार भी किया। इस दौरान मेथामफेटामाइन की कुल 53.94 किलोग्राम गोलियां जब्त की गईं।



कनॉट प्लेस में फिर जुटे प्रदर्शनकारी, कई जगहों पर दिल्ली पुलिस से झड़प

कॉकरोच का लीडर सशर्त रिहा, पर फिर हिरासत में 200 से अधिक प्रदर्शनकारी

दिल्ली में सियासी घमासान के बीच कॉकरोच जनता पार्टी के लीडर अभिजीत दीपके की सशर्त रिहाई के बावजूद विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को लगातार दूसरे दिन सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनातनी देखने को मिली। जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे सांसद जॉन ब्रिटास समेत 200 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने से सियासी माहौल और गरमा गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में एक बार फिर तनावपूर्ण हालात बन गए। रविवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी कनॉट प्लेस में जुटे, जिसके बाद कई जगहों पर उनकी पुलिस के साथ तीखी झड़प हुई है। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साफ कर दिया था कि इस बार सीजेपी के प्रदर्शन को किसी भी तरह की अनुमति नहीं दी गई है। दिल्ली में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कॉकरोच जनता पार्टी के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन नारेबाजी करते हुए जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे 200 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस वाहनों में घसीटकर ले जाते हुए देखा गया। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया , ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन सहित कई छात्र संगठनों के सदस्यों और कॉजपा समर्थकों को जंतर-मंतर की तरफ जाने के प्रयास के दौरान हिरासत में ले लिया गया।

- पुलिस का दावा, दिल्ली में नहीं दी गई प्रदर्शन की इजाजत

दिल्ली के साथ ही मुंबई में भी सीजेपी ने किया प्रदर्शन

एक साल तक शांति बनाए रखने की शर्त पर रिहाई

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके, आशुतोष रंका और सौरव दास को 10 अक्टूबर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 और 170 के तहत एहतियातन हिरासत में लिया गया था। रविवार को तीनों को दिल्ली कैंट पुलिस स्टेशन में स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। तीनों को 50,000 रुपए का श्योरिटी बॉन्ड भरने और एक साल तक शांति बनाए रखने व अच्छा व्यवहार करने की शर्त पर रिहा किया गया। सीजेपी की लीगल अफेयर्स हेड रत्ना सिंह ने भी रिहाई की पुष्टि की।



कोई बॉन्ड साइन नहीं किया : दीपके

इधर, सीजेपी प्रमुख अभिजीत दिपके ने प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बॉन्ड साइन नहीं किया है, जिसमें प्रदर्शन नहीं करने की बात कही गई हो। दीपके ने कहा कि वे एक बार फिर सड़कों पर उतरेंगे।

प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में हुए प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने निर्देश दिया कि शांतिपूर्ण और निहत्थे प्रदर्शनकारियों को कानून में निर्धारित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए। अदालत ने मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट सेवा निर्बाध जारी रखने तथा लोगों की आवाजाही में अनावश्यक बाधा नहीं डालने को कहा। साथ ही, यातायात और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग की तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए।

राहुल -खड़गे से नहीं मिलेंगे सीजेआई

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने राहुल गांधी को मिलने का समय देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वह सोमवार को सीजेआई से मिलना चाहते थे। उन्हें मतदाता सूची के एसआईआर पर बात करनी थी। सीजेआई ने राहुल गांधी के आधिकारिक ईमेल का जवाब देते हुए यह बात कही। रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जिन मुद्दों पर राहुल गांधी बात करना चाहते हैं, वे पहले से सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं।

बेटे की सड़क किनारे और घर के बाथरूम में मिली मां की लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

जिले में मां-बेटी की दोहरे हत्याकांड की घटना से लोग अभी उबर भी नहीं पाए थे और एक बार फिर से मां-बेटे के दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। पहले बेटे का शव महावीरपुर में सड़क के किनारे मिला। युवक के शव को गाड़ दिया गया था। दिनभर की मशक्कत के बाद पहचान करते हुए जब पुलिस मृतक के घर पहुंची तो वहां का मंजर देखकर हैरान रह गई। घर के अंदर बाथरूम में उसकी मां की लाश भी पड़ी हुई थी। एक तरफ जहां बेटे की धारदार हथियार से हत्या की गई थी, वहीं महिला की हत्या गला दबाकर किए जाने की बात सामने आई। घर व बाथरूम में ▶▶शेष पेज 5 पर

खास खबर

घटना की जांच में जुटी पुलिस

रविवार को पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। पुलिस, फॉरेंसिक, व डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाने के साथ ही घटना की जांच कर रही है लेकिन फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

चल रही है जांच

बेटे के साथ ही मां की हत्या की गई है। शवों का पीएम कराया गया है और घटना की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-योगेश पटेल, एसपी, सूरजपुर

दिल्ली से चेन्नई जा रहा था विमान

उड़ान के बीच यात्री के पावर बैंक में आग, आपात लैंडिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट में उस समय हड़कंप का माहौल बन गया, जब एक यात्री के पावर बैंक में उड़ान के दौरान अचानक से आग लग गई। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पैसेंजर आग बुझाते हुए नजर आ रहे हैं। स्थिति को देखते हुए फ्लाइट को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। घटना के बाद जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक, सभी पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6115 दिल्ली से चेन्नई जा रही थी। उड़ान के दौरान यात्री के पावर बैंक से धुआं निकलता देखा गया। केबिन के क्रू मेंबर ने तुरंत स्थिति को कंट्रोल किया।

- सभी पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स सुरक्षित

दूसरे विमान से रवाना हुए यात्री

इंडिगो का कहना है कि यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए चेन्नई जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। एयरलाइन का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाता है। केबिन क्रू ने फायर सेफ्टी यंत्रों का उपयोग कर आग को बुझाया। घटना का सटीक समय और स्थान फिलहाल निर्धारित नहीं किया जा सका है।

जांच में होगा खुलासा

घटना के बाद अधिकारियों ने जांच शुरू की है, साथ ही पता लगाया जा रहा है कि पावर बैंक में आग लगने की वजह क्या थी, वह किस कंपनी का था। जांच में यह भी पता किया जा रहा है कि कि उपकरण में किसी तरह की तकनीकी खराबी थी या बैट्री से जुड़ी समस्या थी। हाल के सालों में लिथियम आयन बैटरी से जुड़े सिक्योरिटी खतरे को लेकर विमानन उद्योग लगातार सतर्कता बरता हुआ है।

टीवी एक्ट्रेस को बचाया गया सरगुजा की आरोपी गिरफ्तार

मुंबई में रहकर सेक्स रैकेट चला रही थी छत्तीसगढ़ की महिला!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मानव तस्करी और देह व्यापार के एक कथित गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने 35 वर्षीय एक टीवी अभिनेत्री को बचाया है। आरोप है कि यह गिरोह मनोरंजन जगत से जुड़ी महिलाओं को जबरन देह व्यापार में धकेलता था।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसके पुरुष सहयोगी की तलाश की जा रही है। पुलिस की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, एक ▶▶शेष पेज 5 पर



मुंबई में पकड़ी गई आरोपी तबस्सुम

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले की रहने वाली और फिलहाल मुंबई के जोगेश्वरी में रह रही आरोपी तबस्सुम उर्फ सोनिया उमर कुरैशी (39) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 143 (मानव तस्करी) के साथ ही अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

टीवी और वेब सीरीज की एक्ट्रेस

पुलिस ने बताया कि हिंदी सीरियल और वेब सीरीज में काम करने वाले एक एक्टर को बचाया गया और मुंबई के रेस्क्यू फाउंडेशन में सुरक्षा के तहत रखा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कुरैशी और एक अन्य व्यक्ति ने कथित तौर पर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की महिलाओं, खासकर टीवी सीरियल, वेब सीरीज और फोटोशूट में काम करने वाली महिलाओं को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया।

जामुल थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही जांच

अस्थि विसर्जन में ले जाने से मना करने पर पांचवीं के छात्र ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अपने बड़े पिता के अस्थि विसर्जन में साथ ले जाने परिजनों ने पांचवीं के छात्र को मना करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। जामुल पुलिस ने बताया कि नवीन चौक जामुल निवासी छात्र मनीष देवांगन के बड़े पिता का निधन हो गया था। जिसका अस्थित विसर्जन करने के लिए परिजन राजिम जाने के लिए निकल रहे थे। तभी मनीष भी उनके साथ जाने के लिए जिद्द कर रहा था। परिजनों ने उसे साथ ले जाने से इंकार कर दिया। आक्रोशित होकर मनीष ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को को फंदा से उतारकर पंचनामा किया और पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। पुलिस परिजनों से पूछताछ भी कर रही है। घटना से जुड़े तथ्यों की जांच में जुटी हुई है।



रायपुर में आज शाम 5 बजे से अभ्यास, दोपहर को आएगी जिम्बाब्वे टीम

स्मृति की कप्तानी में पहली सीरीज खेलने पहुंची टीम इंडिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलने भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को रायपुर पहुंची। स्मृति मंधाना की कप्तानी में टीम इंडिया 16 अक्टूबर को जिम्बाब्वे के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। रायपुर में सीरीज से पहले भारतीय टीम आज शाम पहली ▶▶शेष पेज 5 पर

खास खबर

- 10 दिन तक रायपुर में रहेंगी दोनों टीमें, नवरात्रि पर डाइट में शामिल विशेष फलाहारी भोजन
- आज शाम 5 से 7 बजे तक अभ्यास करेगी भारतीय टीम, कल दोनों टीमें मैदान में उतरेंगी



आज शाम अभ्यास

सीरीज से पहले भारतीय महिला टीम रविवार शाम 5 से 7 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास करेगी। इस दौरान खिलाड़ी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण की बारीकियों पर फोकस करेंगी। अभ्यास में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के खिलाड़ी भी सहयोग करेंगे। 13 अक्टूबर को भारत और जिम्बाब्वे, दोनों टीमों के अभ्यास का कार्यक्रम है।

जिम्बाब्वे की टीम के लिए विशेष भोजन

दोनों टीमें करीब 10 दिनों तक रायपुर प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान जिम्बाब्वे की टीम के लिए होटल में विशेष भोजन तैयार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, टीम के साथ शेफ भी आए हैं। दोनों टीमों ने होटल प्रबंधन को अपनी जरूरतों के अनुरूप नाश्ते से लेकर रात के भोजन तक की सूची दी है। नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए फलाहारी भोजन भी मेन्यू में शामिल किए जाने की जानकारी है।

चिंतन

नेताओं की महत्वाकांक्षा में पिस रहा आम आदमी

राजधानी दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से राजनीतिक दलों की खींचतान का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। पहले कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन, फिर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और वामपंथी संगठनों के विरोध ने दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मेट्रो स्टेशन बंद हुए, रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं और इंटरनेट सेवाओं पर भी असर पड़ा। नौकरीपेशा लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पाए, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई और रोज कमाकर खाने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ। नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में आम आदमी एक बार फिर पिसने को मजबूर है। सवाल सीधा है कि अपनी ताकत दिखाने की इस राजनीति में जनता को सजा क्यों मिले? लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन जनता को परेशान करने का लाइसेंस नहीं। निर्वाचन आयोग के फैसलों पर सवाल उठाना हो, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करनी हो या सरकार की नीतियों का विरोध करना हो, राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने की पूरी स्वतंत्रता है। मगर विरोध का ऐसा तरीका, जो लाखों लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दे, इसे किसी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। नेता धरने पर बैठकर अपनी मांगों के लिए लड़ते हैं, लेकिन इसकी कीमत उस कर्मचारी को चुकानी पड़ती है, जिसकी एक दिन की अनुपस्थिति वेतन कटवा सकती है। परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थी, अस्पताल पहुंचने की कोशिश करता मरीज और रोज की कमाई पर निर्भर मजदूर किसी राजनीतिक दल के विरोधी नहीं हैं। फिर उन्हें इस लड़ाई में घसीटने का हक किसने दिया? 10 अक्टूबर को सीजेपी और वामपंथी संगठनों के प्रदर्शन के दौरान हालात की गंभीरता सामने आई। खबरों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए और सात हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। रविवार को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट बाधित नहीं करने और लोगों की आवाजाही नहीं रोकने पर जोर दिया। संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा गया। हालांकि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रतिबंध समस्या के अनुपात में ही होने चाहिए। कुछ स्थानों पर तनाव की आशंका के कारण पूरे शहर की रफ्तार रोक देना उचित नहीं। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि प्रदर्शन भी हो और आम नागरिक का जीवन भी चलता रहे। विडंबना यह है कि हर राजनीतिक दल जनता के नाम पर राजनीति करता है, लेकिन विरोध के दौरान सबसे पहले उसी जनता की सुविधा को ताक पर रख देता है। इस बार तो एक गैर जिम्मेदार दल और कुछ कथित नेता अपनी महत्वाकांक्षा के चलते लोगों को बरगलाकर प्रदर्शन में धकेल रहे हैं। राजनीतिक दलों को प्रदर्शन के लिए ऐसे स्थान और तरीके चुनने चाहिए, जिनसे सार्वजनिक परिवहन, अस्पतालों, स्कूलों और कामकाजी लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। प्रशासन को भी वैकल्पिक मार्गों और परिवहन की व्यवस्था करनी चाहिए तथा प्रतिबंधों को अंतिम विकल्प के रूप में अपनाना चाहिए। राजनीति जनसेवा का माध्यम है, जनजीवन को बंधक बनाने का नहीं। नेताओं को समझना होगा कि जनता केवल रैलियों में भीड़ जुटाने या चुनाव में वोट देने के लिए नहीं है। उसकी रोजमर्रा की जरूरतें और अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने राजनीतिक दलों के मुद्दे। लोकतंत्र की सार्थकता शक्ति प्रदर्शन में नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह नेटवर्क

अब तक देश में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने का प्रमुख आधार मोबाइल टावर, भूमिगत प्रकाशीय तंतु और दूरसंचार नेटवर्क रहे हैं। उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली तकनीक ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जैसी कंपनियां हैं। इन दोनों के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा केवल दो उद्योगपतियों की कारोबारी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत में भविष्य की संचार व्यवस्था, बाजार के नियमों और डिजिटल आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्त्वपूर्ण प्रश्न भी है। एलन मस्क की स्टारलिंक निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराती है। इसकी विशेषता यह है कि इसके लिए प्रत्येक स्थान तक भूमिगत तार बिछाना या मोबाइल टावर स्थापित करना आवश्यक नहीं होता। उपयोगकर्ता के स्थान पर उपयुक्त उपकरण लगाकर उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा जा सकता है।

यह व्यवस्था विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है, जहां पहाड़, घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां अथवा बिखरी हुई आबादी के कारण पारंपरिक संचार नेटवर्क पहुंचाना कठिन और खर्चीला होता है। भारत जैसे विशाल देश में इस तकनीक की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। हिमालयी क्षेत्रों के गांवों, सीमावर्ती बस्तियों, द्वीपों और दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत कर सकती है। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी उपग्रह आधारित संचार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बाढ़, भूकंप अथवा चक्रवात के कारण जब सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाएँ और जमीन पर आधारित संचार व्यवस्था बाधित हो जाए, तब उपग्रह संपर्क राहत और बचाव कार्यों में सहायक बन सकता है। हालांकि, इसके लिए बिजली, उपयुक्त उपकरण और आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी उपलब्ध होनी चाहिए। स्टारलिंक की भारत में संभावित शुरुआत को लेकर चर्चा उस समय अधिक तेज हो गई, जब कंपनी को आवश्यक प्रारंभिक नियामकीय अनुमतियां मिलने के बाद भी व्यावसायिक सेवा शुरू करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। भारत में किसी विदेशी उपग्रह संचार कंपनी के लिए केवल अनुमति प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। उसे सुरक्षा संबंधी शर्तों, तकनीकी मानकों, नियामकीय नियमों और अन्य निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। उपग्रहों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा और संचार व्यवस्था की निगरानी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसी पृष्ठभूमि में एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच विवाद चर्चा का विषय बना। अक्टूबर 2026 में मस्क ने सामाजिक संचार मंच एक्स पर अंबानी के प्रभाव को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ प्रभावशाली कारोबारी उपग्रह इंटरनेट के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को सीमित करना चाहते हैं। उन्होंने अंबानी को निशाना बनाते हुए यह भी पूछा कि क्या वही भारत के वास्तविक निर्णायक हैं। मस्क की टिप्पणियों में यह शिकायत दिखाई देती है कि उनकी कंपनी को भारतीय बाजार में अपनी सेवाएं



शुरू करने के लिए अपेक्षित गति से आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा है। हालांकि, किसी कंपनी को अनुमति मिलने में देरी को सीधे तौर पर दूसरी कंपनी के दबाव या एकाधिकार की कोशिश का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके लिए ठोस तथ्य आवश्यक हैं।

भारत सरकार का पक्ष है कि उपग्रह संचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा संबंधी शर्तों का पालन करना होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी एक कंपनी को विशेष लाभ देने के पक्ष में नहीं है। स्टारलिंक, जियो की उपग्रह संचार सेवा और वनवेब जैसी कंपनियों को संबंधित नियामकीय आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। इस दृष्टि से विवाद को समझने के लिए आरोपों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर बनाए रखना जरूरी है। इस बहस में जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बु की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय हैं। उन्होंने भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के महत्व को रेखांकित किया। उनके अनुसार, भारत में मोबाइल इंटरनेट की कम कीमतों ने आम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। कुछ वर्ष पहले तक इंटरनेट का नियमित उपयोग अनेक परिवारों के लिए महंगा था। आज विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं, छोटे व्यापारी अपने ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनेक सरकारी तथा वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो के प्रवेश ने इस परिवर्तन को गति देने में अहम भूमिका निभाई। कम कीमत पर अधिक आंकड़ा उपलब्ध कराने वाली योजनाओं ने दूसरी कंपनियों को भी अपनी सेवाओं और मूल्य निर्धारण की रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। इससे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ी और डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ। फिर भी भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता का पूरा श्रेय किसी एक कंपनी को देना उचित नहीं होगा।

सरकारी डिजिटल पहलों, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, तकनीकी प्रगति और स्मार्ट उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता ने भी इसमें योगदान दिया है। अब प्रश्न यह है कि स्टारलिंक जैसी सेवा भारतीय बाजार में किस प्रकार अपनी जगह बनाएगी। उपग्रह इंटरनेट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भौगोलिक पहुंच है, लेकिन इसकी लागत एक बड़ी चुनौती है। पारंपरिक मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने के लिए सामान्यतः अलग से उपग्रह उपकरण लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए भारत के विशाल उपभोक्ता वर्ग के लिए केवल तकनीकी श्रेष्ठता पर्याप्त नहीं होगी। सेवा की कीमत, विश्वसनीयता और वास्तविक उपयोगिता भी निर्णायक होंगी।

इस प्रकार दोनों व्यवस्थाओं को एक-दूसरे का पूर्ण विकल्प मानने के बजाय पूरक के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक होगा। मोबाइल नेटवर्क और भूमिगत संचार तंत्र बड़ी आबादी को कम लागत पर जोड़ सकते हैं, जबकि उपग्रह इंटरनेट उन स्थानों तक पहुंच बढ़ा सकता है, जहां अन्य माध्यम सीमित हैं। इस विवाद का सबसे जटिल पक्ष रेडियो तरंगों के उपयोग के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम का आवंटन है। भारत की डिजिटल यात्रा अब केवल इंटरनेट की गति बढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह इस बात से भी जुड़ी है कि देश अपनी तकनीकी आवश्यकताओं, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच कैसा संतुलन स्थापित करता है। स्टारलिंक और जियो के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा इस संतुलन की परीक्षा है। सरकार को पारदर्शी नियमों, निष्पक्ष निर्णयों और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। अंततः सफलता किसी उद्योगपति की व्यक्तिगत जीत में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के निर्माण में होगी जो भारत के प्रत्येक नागरिक को डिजिटल अवसरों से जोड़ सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



डॉ. लोहिया ने छेड़ी 'तीन आना बनाम पंद्रह आना' की बहस

सन् 1967 में 12 अक्टूबर को (यानी आज के ही दिन) पौरुष ग्रंथि के विफल ऑपरेशन से पीड़ित समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ तो राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपने एक भावप्रवण संस्मरण में लिखा था : कोई महीना भर पहले मैंने उन्हें सुझाया कि वे हमेशा 'सप्तक्रांति के स्फुलिंग' ही न बने रहा करें। अपना 'शाश्वत' क्रोध घटायें और अपने समकालीन नेताओं से छोटी-छोटी बातों को लेकर कटुताएं न पैदा किया करें। अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि उनके प्रधानमंत्री बनने का अवसर आये तो ये कटुताएं उनके रास्ते की बाधा बन जायें। इस पर उनका उत्तर था, 'दिनकर, तुम समझते हो कि बहुत दिन जीने वाला हूं मैं? मेरी आयु बहुत कम है, इसलिए जब भी जो भी बोलता हूं, उसे बोल लेने दो मुझे।' अब मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी मौत को पहले ही देख लिया था। आज की तारीख में कम ही लोग जानते होंगे कि डॉ. लोहिया और 'दिनकर' परस्पर अभिन्न मित्र थे। इस तथ्य के बावजूद कि राजनीति में उनकी सक्रियताएं परस्पर विरोधी थीं। निधन के वक्त लोहिया महज 57 साल के थे और उनका संसदीय जीवन भी लम्बा नहीं रहा था। इसका एक बड़ा कारण उनका चुनावी जीत-हार को बहुत महत्व न देना, 1962 से पहले कोई लोकसभा चुनाव न लड़ना और 1962 में भी फूलपुर जाकर लगभग असम्भव मुकाबले में सीधे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से भिड़ जाना था। उनके अनुसार लोकतंत्र में चुनाव अपनी पार्टी की नीतियों को मतदाताओं तक ले जाने के अवसर होते हैं और आते-जाते रहते हैं। इसलिए मतदाताओं द्वारा उनमें सुनाये गये फैसलों को लेकर हाय-तौबा का कोई हासिल नहीं होता। ऐसे किसी हासिल के लिए तो शिकस्त के दिन से ही अगले मुकाबले की तैयारी में लग जाना होता है। उन्होंने लगभग यही बात 1962 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद नैनीताल में उसके कार्यकर्ताओं को निराशा के कर्तव्य समझाते हुए भी कही थी। बाद में इन्हीं कार्यकर्ताओं (जो कह रहे थे कि



तत्कालीन परिस्थितियों में लोहिया का लोकसभा में होना बहुत जरूरी है) की मांग पर वे उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट का उपचुनाव (जो वहां से निर्वाचित कांग्रेस सांसद मूलचंद दूबे के निधन के कारण हुआ था) लड़े और जीते थे। नये परिसीमन के फलस्वरूप अलग कन्नौज लोकसभा सीट अस्तित्व में आई तो 1967 के लोकसभा चुनाव में वे उस सीट से भी चुनाव लड़े और विजयी हुए थे। थोड़े ही दिनों बाद वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। इस तरह वे दो कार्यकालों में कुल मिलाकर मुश्किल से एक कार्यकाल की अवधि के बराबर ही लोकसभा में रहे, लेकिन उसकी कार्यवाहियों और बहसों में अपनी अनूठी हिस्सेदारी से यह सिद्ध कर गये कि छोटी होने के बावजूद उसमें उनकी उपस्थिति महनीय है। लोकसभा में दिये गये उनके अन्य सारे भाषण भुला दिये जायें तो अकेला 'तीन आने बनाम पन्द्रह आने' वाला ऐतिहासिक भाषण ही उन्हें अप्रासंगिक नहीं होने देगा और उनकी याद दिलाता रहेगा। उन्होंने यह भाषण आचार्य जेबी कृपलानी द्वारा 22 अगस्त, 1963 को जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में दिया था। यह प्रस्ताव आजादी के बाद किसी भी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव था, जिसकी हिमायत में लोहिया ने कहा था कि 27 करोड़ (उस वक्त की देश की जनसंख्या के लगभग 70 प्रतिशत) देशवासी तीन आने (20 नये पैसे) रोज के खर्च पर जीवन निर्वाह को अभिशप्त हैं। सत्ता पक्ष की ओर से इस 'तीन आने' को 'पन्द्रह आने' बताया गया तो लोहिया ने यह कहकर उसे चुप करा दिया कि अगर मेरी बात गलत निकलती है तो मैं इस सदन से निकल जाऊंगा और सत्तापक्ष गलत निकलता है तो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपने पद पर नहीं रहना चाहिए। इसी भाषण में उन्होंने यह भी कहा था कि देश में महिलाएं, हरिजन, आदिवासी, पिछड़े, धार्मिक अल्पसंख्यक और शूद्र पांच बड़े वर्ग हैं, जिनकी आबादी कुल आबादी की नब्बे फीसदी है। इन्हें विशेष अवसर दिए बगैर तीन आने वाली स्थिति नहीं ही बदलने वाली। उनके इस भाषण को लोकसभा के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण बौद्धिक भाषणों में से एक माना जाता है। चुनाव तो वे 1962 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर में जवाहरलाल नेहरू से भी हारे थे लेकिन उनकी उस हार में भी एक नैतिक चमक थी, जबकि कन्नौज सीट को लेकर हाईकोर्ट से मिली हार मतगणना में उन्हें मिली जीत की भी नैतिक चमक छीन लेने वाली थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

अंतर्मन



आज की पाती

बहुत जरूरी है मानसिक स्वास्थ्य

दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन बहुत से देशों में सरकारी और विभिन्न सामजिक संगठन लोगों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर व्यक्ति का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य होना भी जरूरी है, तभी हम जिंदगी के मजे ले सकते हैं। हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण कई गिनवाए जा सकते हैं। संभावना है कि बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। - *विवेक वर्मा, खैरागढ़*

ट्रेंड

दैवीय शक्ति की उपासना



दैवीय शक्ति की उपासना को समर्पित नवरात्रि पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगदम्बा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो, तथा राष्ट्रीय एकता और प्रगति का संकल्प और सुदृढ़ हो।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

जनता की आवाज़



'मोगैंबो मोदी' ने चुनाव में धांधली करके और जनता की आवाज़ को दबाकर भारत के लोकतंत्र की नींव को बर्बाद कर दिया है। वे चाहे कितना भी डराने-धमकाने की कोशिश कर लें-मोदी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका खेल, जो पिछले 10-15 सालों से चल रहा था, अब खत्म हो चुका है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

सपनों की उड़ान



हरियाणा की बेटी अर्शिया गोस्वामी ने साबित कर दिखाया है कि सपनों की उड़ान उम्र की मोहताज नहीं होती! धाकड़ बेटी ने 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सबसे कम उम्र की डेडलिफ्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।
- **नायब सैनी,** सीएम, हरियाणा

विपक्ष का दबाव



जब विपक्ष का दबाव बहुत ज़्यादा बढ़ा, तो रातों-रात सारी व्यवस्थाएँ हटा दी गईं। यह सरकार किसी मटके की तरह लुढ़कती रहती है, एक किनारे से दूसरे किनारे, कभी यहां, तो कभी वहां।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

ब्रिटेन में मोदी की '25 साल की जन सेवा' का जश्न मना

ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के विभिन्न संगठनों का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित पद पर 'जनसेवा के 25 वर्ष' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' परिसर में हुई। इसकी मेजबानी लॉर्ड रामी रेंजर ने सरदार पटेल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में की। कार्यक्रम में असमिया और ओडिसी के पारंपरिक नृत्य, वायलिन वादन और औपचारिक रूप से केक काटने के आयोजन के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता भी प्रदर्शित की गई। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'इन समारोहों के केंद्र में भारत का शाश्वत दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' है, जिसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और नई शुरुआत जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, ''इस महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मनाते हुए इन आयोजनों को गैर-राजनीतिक रखा गया है। इनमें सार्वजनिक सेवा, समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और सभी भारतीयों की सफलता जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया गया है।' इस बीच, ब्रिटिश भारतीय समुदाय ने 17 अक्टूबर को पश्चिमी लंदन के रुइस्लिप में एक सामुदायिक समारोह आयोजित करने की योजना की घोषणा की है।



ऑफ बीट

क्या माउथवॉश हृदय के लिए हानिकारक होता है?

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और हृदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन "अच्छे" बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो हृदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं, सामान्य 'मेटाबॉलिज्म' में मदद करते हैं और मुंह व शरीर की कुल सेहत को बेहतर बनाते हैं। इन बैक्टीरिया का एक अहम काम है हमारे भोजन (खासकर हरी पत्तेदार सब्जियों) में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदलना। जब हम नाइट्राइट निगलते हैं, तो शरीर इसे नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह प्रक्रिया नाइट्रेट-नाइट्राइट-नाइट्रिक ऑक्साइड प्रक्रिया (या एंटरोसैलिवरी प्रक्रिया) कहलाती है। यह एक उदाहरण है कि बैक्टीरिया कैसे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खूबसूरत वादियों से घिरा सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी से गुलजार है। मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और रिया चक्रवर्ती अपनी आने वाली नई थ्रिलर-रोमांटिक फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग के सिलसिले में यहां डेरा डाले हुए हैं। पहाड़ों की शांत फिजाओं, बदलते मौसम और खूबसूरत झीलों के बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। दोनों अभिनेत्रियों के शहर में होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन जाह्नवी कपूर पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी नजर आईं। उन्होंने नवरात्रि का व्रत रखा और अपने होटल से करीब 150 मीटर पैदल चलकर प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर पहुंचीं। दोपहर ठीक 12:45 बजे जाह्नवी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बेहद सादे लिबास में पार्किंग से नंगे पैर मंदिर परिसर में दाखिल हुईं। उन्होंने मां की विधिवत आरती उतारी और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद जाह्नवी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग शहर के कई खूबसूरत कोनों में की जा रही है।



'चलो बुलावा आया है' से 'मन तेरा मंदिर' तक

मां दुर्गा के ये गाने जो बना देंगे त्योहार को बेहद खास

नई दिल्ली। नवरात्रि प्रार्थना, भक्ति और उत्सव का समय है, जब भक्त मां दुर्गा की पूजा और भक्ति करते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ, भक्ति गीत और भजन भी उत्सव में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे घरों, मंदिरों और सामुदायिक पंडालों में आध्यात्मिक माहौल बन जाता है। नरेंद्र चंचल की दमदार आवाज से लेकर सदाबहार बॉलीवुड भक्ति गीतों और पारंपरिक संस्कृत मंत्रों तक, देवी को समर्पित संगीत पीढ़ियों से नवरात्रि उत्सव का एक अहम हिस्सा रहा है। चाहे वह 'चलो बुलावा आया है' की जानी-पहचानी पुकार हो, 'अम्बे तू है जगदम्बे काली' की भक्ति-भावना हो या 'अयागिरि नंदिनी' के जोश भरे बोल हों, ये गाने भक्तों को त्योहार की भावना से जोड़ते हैं।



चलो बुलावा आया है

माता की पूजा से जुड़े मशहूर भक्ति गीतों में से एक 'चलो बुलावा आया है', दशकों से भक्तों का पसंदीदा रहा है। यह गाना गायक नरेंद्र चंचल ने गाया है, जिनकी दमदार और भावपूर्ण आवाज ने माता के भजनों को भक्ति-सभाओं का एक जाना-पहचाना हिस्सा बना दिया. इसके बोल देवी के दर्शन के लिए दैवीय निमंत्रण मिलने का एहसास कराते हैं, जिससे यह जागरण, मंदिर की सभाओं और त्योहार की प्रार्थनाओं के दौरान बहुत लोकप्रिय हो जाता है। कई भक्तों के लिए यह गाना भक्त और मां दुर्गा के बीच के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली

हमेशा लोकप्रिय रहने वाला भक्ति गीत 'हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली' नवरात्रि उत्सव के दौरान खूब सुना जाता है। हिंदी फिल्म 'सुहाग' (1979) का यह गाना अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया है और इसमें देवी की शक्ति और महिमा का गुणगान किया गया है। इसकी जोशीली धुन और यादगार मुखड़ा त्योहारों पर खूब बजाया जाता है। यह गाना उन लोगों को बहुत पसंद आता है जो नवरात्रि के दौरान क्लासिक हिंदी फिल्मी संगीत सुनना पसंद करते हैं।

मन तेरा मंदिर

'मन तेरा मंदिर, आंखें दिया-बाती' 1978 की फिल्म 'भक्ति में शक्ति' का एक भक्ति गीत है। महेंद्र कपूर और दिलराज कौर द्वारा गाए गए इस गाने में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण दिखाने के लिए मंदिर और जलते हुए दीपक की कल्पना की गई है। यह गाना क्लासिक हिंदी फिल्मी भजनों की सदाबहार लोकप्रियता को भी दर्शाता है, जिनमें अक्सर आसान धुनों के साथ गहरे आध्यात्मिक विषयों का मेल होता था।

अंबे तू है जगदंबे काली

दुर्गा पूजा से जुड़े पारंपरिक भक्तिपूर्ण गानों में 'अंबे तू है जगदंबे काली' बहुत खास है। नवरात्रि और देवी को समर्पित दूसरे मौकों पर गाई जाने वाली यह आरती मां दुर्गा के कई रूपों की स्तुति करती है और उनकी दिव्य शक्ति का गुणगान करती है। इसके बोल इसे शाम की प्रार्थना के लिए एक स्वाभाविक पसंद बनाते हैं, खासकर तब जब परिवार मिलकर आरती करते हैं। गाने की भक्तिपूर्ण सादगी और आध्यात्मिक महत्व ने इसे पीढ़ियों से लोकप्रिय बनाए रखा है।

मां तेरे दरबार

देवी के दरबार की महिमा का गुणगान करने वाले भक्ति गीत माता के भजनों की परंपरा में एक खास जगह रखते हैं। 'मां तेरे दरबार' गाना भक्तों द्वारा देवी का आशीर्वाद, सुकून और सुरक्षा पाने की भावना से जुड़ा है।

मैं बालक तू माता

'मैं बालक तू माता' का भक्तिपूर्ण भाव एक भक्त और देवी के बीच के उस रिश्ते को दिखाता है, जिसमें बच्चा मां की ममता और देखभाल चाहता है। इसमें भरोसा, समर्पण और बिना शर्त प्यार का संदेश है, जो इसे नवरात्रि की प्रार्थनाओं के लिए बहुत खास है। यह गाना कई सालों से अलग-अलग भक्तिपूर्ण रूपों में गाया जाता रहा है। सुनने वाले अपनी पसंद के हिसाब से इसका पारंपरिक वर्शन या आज के समय की रिकॉर्डिंग चुन सकते हैं।

मैया तेरी जय-जयकार

मां दुर्गा की जीत और महिमा का गुणगान करने वाले गाने नवरात्रि की खास पहचान हैं। 'मैया तेरी जय-जयकार' अपनी भक्तिपूर्ण स्तुति और उत्सव के माहौल के जरिए इसी भावना को दिखाता है। यह माता की चौकी, जागरण और सामूहिक उत्सवों के लिए बनाई गई प्लेलिस्ट में आसानी से फिट हो जाता है।

नीता संग रणवीर ने जमकर किया गरबा, नवरात्रि के रंग में रंगे एक्टर

'स्वदेश' की पहली सालगिरह के मौके पर 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह ने नीता अंबानी के साथ जमकर गरबा किया। नवरात्रि की एक रात पहले हुए इसी इवेंट का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार ने 'स्वदेश' की पहली सालगिरह एक इवेंट के तौर पर मनाई, जिसमें कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। इस जश्न की शाम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें नीता अंबानी अपनी बेटी ईशा और रणवीर सिंह के साथ गरबा करते दिख रही हैं।



मुंबई। दो बेटियों के सुपरस्टार पिता रणवीर सिंह 'धुरंधर 2' की रिलीज के बाद से ही बहुत कम पब्लिक में नजर आए हैं। हालांकि, शनिवार शाम 10 अक्टूबर को रणवीर मुंबई में 'स्वदेश इरोस' की पहली सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। रिलायंस फाउंडेशन के इस खास आर्ट और क्राफ्ट स्टोर ने नवरात्रि की एक रात पहले देवी शक्ति का सम्मान करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी मेजबानी नीता अंबानी ने की। अब इस जश्न का एक इनसाइड वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह और नीता अंबानी साथ में गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में रणवीर नवरात्रि के जश्न में जमकर गरबा करते नजर आ रहे हैं। वहीं नीता अंबानी भी उनके साथ इस उत्सव का आनंद लेती दिखीं। उनके खुशमिजाज पलों ने फैंस का ध्यान खींचा है, क्योंकि नौ दिन तक चलने वाला यह त्योहार रविवार 11 अक्टूबर को शुरू हुआ और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ इसका समापन होगा। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी अपनी दूसरी बेटी का स्वागत करने वाले एक्टर रणवीर ने गुलाबी एथनिक कपड़ों में शानदार एंट्री की। उन्होंने फ्लोरल-एम्ब्रॉयडरी वाली जैकेट के साथ मैचिंग कुर्ता और व्हाइट बॉटम पहना था। उन्होंने टिंटेड सनग्लासेस और अपने सिग्नेचर डायमंड स्टड्स के साथ अपना लुक पूरा किया, जिससे उनके फेस्टिव आउटफिट को एक शाही अंदाज मिला।



टीवी मसाला



नवरात्रि : रश्मि और तोरल ने बताया शक्ति का सही मतलब

मुंबई। नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की आराधना और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रहा है। हालांकि, वर्तमान दौर की व्यस्त और प्रतिस्पर्धी जिंदगी में एक स्त्री के लिए असल 'शक्ति' के मायने बदले हैं। कभी यह शक्ति अपनी सीमाओं को तय करने के लिए मजबूती से 'ना' कहना हो सकती है, तो कभी सभी के सामने असफलता को स्वीकार करना या कभी हर दबाव में अपनी बात बेबाकी से रखना? ऐसे में छोटे पर्दे की कुछ अभिनेत्रियां बता रही हैं उनके लिए शक्ति के सही मायने। धारावाहिक 'सयोनी' में माया की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रश्मि देसाई कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब है कि अपनी बात कह पाना और अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेना। हर बार हां, कहना आवश्यक नहीं होता है। अपने करियर में मैंने कई प्रस्ताव इसलिए ठुकराए, क्योंकि कहानी या पात्र से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ। ऐसे निर्णय आसान नहीं होते। मेरे लिए एक महिला का अपनी बात कह पाना भी शक्ति है। वहीं, धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तोरल रासपुत्र कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब सिर्फ दूसरों के सामने मजबूत दिखना नहीं है, बल्कि खुद के प्रति ईमानदार रहना भी है। सही जगह पर न कहना, अपनी बात और अपनी सीमाओं को सम्मान के साथ रखना और जब जरूरत हो तो खुद के लिए खड़े होना, मेरे लिए यही असली शक्ति है।' तोरल ने कहा, 'इस शक्ति का एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने समझा कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है और ऐसा करना जरूरी भी नहीं है। जिंदगी में कई ऐसे मौके आए जब मुझे अपने फैसलों पर भरोसा करना पड़ा, अपनी प्राथमिकताओं को महत्व देना पड़ा और कभी-कभी लोगों की अपेक्षाओं के बावजूद अपने लिए सही फैसला लेना पड़ा। उन अनुभवों ने मुझे सिखाया कि अपनी आवाज सुनना और अपने फैसलों की जिम्मेदारी लेना भी बहुत बड़ी शक्ति है।'

दशरथ के चरणों में राम ने झुकाया शीश...

मुंबई। 'रामायण' में नए पोस्टर्स में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में दो दृश्यों में नजर आ रहे हैं, जिनमें उनके पिता राजा दशरथ (अरुण गोविल) भी शामिल हैं। यह जानकारी मेकर्स द्वारा लारा दत्ता को कैकेयी और शीबा चड्ढा को मंथरा के रूप में पेश किए जाने के एक दिन बाद सामने आई है। जारी किए गए पोस्टर में में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में और अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में राम के वनवास के पहले की झलक देखने को मिलती है, जहां वनवास में जाने से पहले राम अपने पिता राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे में वे ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते अपने पिता की अस्थि विसर्जित करते हुए दिखाए गए हैं। पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- 'एक पिता, जो अपने वादे से बंधा है। और एक बेटा जो अपने फर्ज से बंधा है। किसी को नहीं पता था कि ये उनकी अंतिम विदाई होगी।' ये दोनों ही पोस्टर राम और दशरथ के रिश्ते पर केंद्रित हैं। एक तस्वीर में राम राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम कर रहे हों तो तो दूसरी में वे अपने पिता को आखिरी विदाई दे रहे हैं। ये पल महाकाव्य के सबसे भावुक पलों में से एक है और महाकाव्य के केंद्र में मौजूद पारिवारिक रिश्तों की झलक दिखाते हैं। रामायण में रणबीर कपूर से लेकर यश जैसे स्टार्स की टोली है। रणबीर कपूर जहां प्रभु श्रीराम की भूमिका निभा रहे हों तो वहीं यश लंकापति रावण की। रावण के किरदार में यश को देखने के लिए उनके फैंस खासे उत्साहित हैं।



गुल्लू की टिप्पणी से आम्रपाली की बहन हुईं नाराज

नई दिल्ली। सलमान खान का टीवी शो 'बिग बॉस 20' इन दिनों चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ विवादित हो रहा है। ताजा मामला आम्रपाली दुबे से जुड़ा है। एक टास्क के दौरान भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पर गुल्लू की टिप्पणी की वजह विवाद हो गया। इस पर उनके परिवार ने आलोचना की है। प्रतिभागियों के बीच विवाद तब और बढ़ गया जब गुल्लू ने आम्रपाली और लव गिल को 'मोटू-पतलू' कहा। गुल्लू की टिप्पणी पर आम्रपाली की बहन आंचल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि नेशनल टेलीविजन पर लड़ाई के दौरान बॉडी शेमिंग का इस्तेमाल करना कितना सही है। ताजा विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंचल ने अपनी बहन के बारे में ऐसी बातें कहने के लिए गुल्लू और माही विज की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लुक या शरीर की बनावट का मजाक कभी नहीं उड़ाया जाना चाहिए, चाहे झगड़ा ही क्यों न हो।



homefirst
We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है वैसा ही'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार ऋणधारक (ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ''ऑनलाइन'' आयोजित की जाएगी।

क्र सं.	ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना राशि	कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि और समय	ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय	अधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	गौंड सतेंद्र कुमार, गौंड आशमा देवी	मकान-संपत्ति, व्यापवर्तित भूमि प्लॉट नं. एलआईजी-71, ख.नं.1328/20 पर स्थित, क्षेत्रफल-0.0050 हेक्टेयर या 54.00 वर्ग मीटर, संपत्ति स्थित - मौजा-परसदा, प.ह.नं. 13, आर.आई.सी.-कुम्हारी, तहसील भिलाई-3 व जिला दुर्ग (छ.ग.), कुम्हारी, छत्तीसगढ़-490042 में स्थित है। चौहद्दी: पूर्व - एलआईजी-102, पश्चिम - सड़क, उत्तर -एलआईजी-72 और दक्षिण - एलआईजी-70।	06-05-2026	16,15,838	07-07-2026	14,50,000	1,45,000	27-10-2026 (11am-6pm)	25-10-2026 (upto 5pm)	8197388148

ई-नीलामी सेवा प्रदाता:	ई-ऑक्शन वेबसाइट/जानकारी और अन्य शर्तों के लिए:	ईएमडी / अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर	शाखा आईएफएससी कोड:	लाभार्थी का नाम
कंपनी का नाम: ई- प्रोक्यूरमेंट टेक्नालॉजीस लिमि. (ऑक्शन टाईगर) हेल्पलाइन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net	http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net	911020005835824- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लिमिटेड बैंगलौर केटी	UTIB0000009	अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड

बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 12-10-2026 स्थान: रायपुर

हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

खबर संक्षेप

ठाणे के ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा, 12 गिरफ्तार, 16 महिलाओं को बचाया



ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में पुलिस ने एक ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारकर 16 महिलाओं को बचाया और बार के कर्मचारियों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान अवैध देशी और विदेशी शराब के साथ नकदी भी जब्त की गई। पुलिस के महिला शोषण रोधी प्रकोष्ठ ने यह कार्रवाई नवघर रोड स्थित बार में की।

एसआईआर के खिलाफ अब कोलकाता में तैयारी

कोलकाता। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में दिल्ली के बाद अब कोलकाता में भी आंदोलन की तैयारी की जा रही है। दुर्गापूजा से पहले विपक्षी दलों, संगठनों और नागरिक समाज के कुछ सदस्यों ने विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और एसआईआर प्रक्रिया रद्द करना शामिल है।

सिक्योरिटी गार्ड पर 20 लाख की फिरौती मांगने का आरोप

हैदराबाद। तेलंगाना के एक रिहायशी परिसर में कृषि वैज्ञानिक की पांच वर्षीय बेटी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बच्ची शनिवार को लापता हुई थी। देर रात करीब नौ बजे उसका शव परिसर के क्लब हाउस के बेसमेंट में मिला। पुलिस के अनुसार, मामले में सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड विक्रम पर अपहरण और हत्या का संदेह है। सीसीटीवी फुटेज में वह बच्ची का पीछा करता दिखाई दिया है। जांचकर्ताओं को आशंका है कि आरोपी ने बच्ची को छोड़ने के बदले 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। घटना से दो दिन पहले भी उसे परिसर में संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया था।

स्मित मच्छार को अस्पताल में इलाज के बीच मिला इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का खास संदेश

गहरे जख्म लेकिन हौसला बुलंद, कैप्टन स्मित की नई तस्वीर आई सामने इजराइल देगा सबसे बड़ा 'वीरता' सम्मान

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

अबू धाबी के अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। उनकी बहादुरी से प्रभावित राष्ट्रपति हर्जोग ने उन्हें इजराइल के सर्वोच्च नागरिक वीरता सम्मान से सम्मानित करने का एलान किया है। मच्छार को भेजे अपने पत्र में हर्जोग ने कहा है कि स्मित के पूरी तरह ठीक होने के बाद उन्हें यरुशलम बुलाकर यह सम्मान दिया जाएगा। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की उड़ान में हुए खौफनाक घटनाक्रम के दौरान स्मित ने जिस हिम्मत और सूझबूझ का परिचय दिया, उससे विमान में सवार 180 लोगों की जान बच गई।

> भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें इजराइल के नागरिक वीरता के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का ऐलान किया है।

खास बातें

- कैप्टन स्मित को भेजा राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने पत्र
- विमान में सवार 180 लोगों की जान बचाई थीं



भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते हुए

राष्ट्रपति इसाक ने मच्छार की जमकर तारीफ की

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कैप्टन स्मित मच्छार की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने संदेश में भारतीय पायलट को इजराइल, भारत और पूरी मानवता का हीरो बताया। हर्जोग ने कहा कि उन्होंने स्मित को भेजे पत्र में उनके जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है।

राष्ट्रपति ने किया ऐलान

कैप्टन स्मित मच्छार को प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड से सम्मानित करेगा इजरायल



फ्लाईदुबई प्लेन के कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार पर ओमानी को-पायलट हम्माम अल-हम्मामी ने क्रैश-एक्स से हमला कर दिया था, जिसका स्मित मच्छार ने डटकर मुकाबला किया और 174 यात्रियों व क्रू सदस्यों की जान बचाई थी। उन्हें इजराइल का 'प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड फॉर सिविलियन हीरोइज़्म' नागरिक वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार मिलेगा। यह नागरिकों के लिए देश का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। गंभीर रूप से घायल होने और बहुत ज़्यादा खून बहने के बावजूद, भारतीय पायलट ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। उनकी इस हिम्मत की वजह से विमान के यात्री कॉकपिट में घुस पाए और हमलावर को काबू में कर सके। स्मित मच्छार का इलाज यूएई के एक अस्पताल में चल रहा है। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने कहा कि भारतीय पायलट को ठीक होने के बाद इजरायल का सर्वोच्च पुरस्कार दिया जाएगा।

एक्स पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे आंतरिक मामलों में संयुक्त राष्ट्र की बेवजह दखलंदाजी बताया

यह हमारा आंतरिक मामला, नसीहत की जरूरत नहीं', सीजेपी प्रोटेस्ट पर यूएन की टिप्पणियों को भारत ने किया खारिज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> भारत ने कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को खारिज कर दिया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है

कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के आंतरिक मामलों में बेवजह दखलंदाजी बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को स्पष्ट किया कि भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की है। एक्स पर जारी एक वीडियो बयान में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारतीय संविधान शांतिपूर्ण सभा के अधिकार की गारंटी देता है, जिसकी सुरक्षा देश की मजबूत संस्थाएं, स्वतंत्र न्यायपालिका और निष्पक्ष मीडिया करते हैं। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की टिप्पणियां अनुचित हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है।

भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा करना अच्छी तरह जानता है

यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है: जायसवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण

रणधीर जायसवाल ने विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया देने के मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था के 'चुनिंदा रवैये' की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बयान जारी करने के मामले में का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण रहा है। भारत के पड़ोसी देशों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसक कार्रवाइयों पर संस्था ने चुप्पी साधे रखी और जिनेवा स्थित अपने मुख्यालय के पास हुई पुलिसिया कार्रवाइयों पर भी कोई टिप्पणी नहीं की।

बहुपक्षवाद और संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों द्वारा अपनाया जाने वाला यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है। जायसवाल ने कहा कि इस तरह के दोहरे मापदंड न केवल मानवाधिकार निकाय की अपनी विश्वसनीयता और साख को नुकसान पहुँचाते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बहुपक्षवाद में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के भरोसे को भी कमजोर करते हैं।

यूएन की चिंता और रिहाई की मांग

ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने दिल्ली में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान नेताओं, पत्रकारों और वकीलों की गिरफ्तारियों पर चिंता जताई थी। प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने अधिकारियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान करने, संयम बरतने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए लोगों को बिना शर्त तुरंत रिहा करने का आग्रह किया था, जिसके बाद विदेश मंत्रायल की यह प्रतिक्रिया सामने आई है।

सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

पत्थर के नीचे छिपा हथियारों और विस्फोटों का जखीरा हुआ बरामद



एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी सोपोर के मुकाम चेरहार इलाके के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान हुई। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यूएपीए, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सोपोर पुलिस को हथियारों और संदिग्ध सामग्री के छिपाए जाने की विशेष खुफिया सूचना मिली थी। इसके आधार पर जंगल में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान एक बड़े पत्थर के नीचे छिपाकर रखा गया नीले रंग का ड्रम और एक बैग मिला।

हथियार, गोला-बारूद बरामद

इनमें हथियार, गोला-बारूद, हैंड ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस आईईडी और उनसे जुड़ी सामग्री रखी गई थी। बरामदगी में दो असॉल्ट राइफलें (एके-47 और एके-76), सात मैगजीन और कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा चार पिस्तौल, चार मैगजीन व कारतूस, पांच राउंड के साथ एक मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर एमजीएल और 11 हैंड ग्रेनेड भी मिले हैं।

पाक में बड़ा सियासी फेरबदल!

खैबर पख्तूनख्वा में इमरजेंसी घोषित चुनी हुई सरकार को कर दिया बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई और केंद्र सरकार के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। रविवार, 11 अक्टूबर को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने खैबर पख्तूनख्वा में इमरजेंसी लागू करने के बाद वहां की चुनी हुई सरकार को निलंबित कर दिया। इस फैसले से प्रांत में पीटीआई सरकार के अधिकार छिन गए हैं। इमरान खान की रिहाई और उनसे मुलाकात की मांग को लेकर पार्टी का मार्च भी जारी है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार ने इमरजेंसी के पीछे बढ़ते आतंकी हमलों और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को वजह बताया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यालय के मुताबिक, प्रांतीय सरकार आतंकवाद से निपटने में नाकाम रही है। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर इमरजेंसी लगाने की घोषणा पर हस्ताक्षर किए।



होर्मुज में दस दिन में हुईं 13 घटनाएं

तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया, जहाज में ब्लास्ट के बाद आग लगी, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया। उन्होंने कहा, इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है। **जहाज पर हुआ था हमला:** भारत ने 6 अक्टूबर को ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की थी। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए थे, जिनमें 11 भारतीय थे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 15000 से 25000 2. मार्केटिंग ऑफिसर 4,वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA **संपर्क करे-** Alert sgs private limited **कार्यालय:प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइल:- 8720005500.**(आरो-815)

घरेलु स्टाफ

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। **संपर्क: 9300593000.**(आरो-114)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- Marketing Representative श्री श्रृंगी हर्बल को बिक्री एवं प्रचार कार्य हेतु अनुभवी Marketing Representative की आवश्यकता है। अनुभव अनिवार्य। आकर्षक वेतन एवं इंसेंटिव। **संपर्क: शॉप न 32, द्वारिका बिजनेस सेंटर, डूमरतराई, रायपुर मोबाइल: 9516268000, 9300017800.**(आरो-090)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य

आवश्यकता है- रिटेल फुटवियर की दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है। **संपर्क करें- लखानी शू एम्पोरियम, रेल्वे स्टेशन के सामने, रायपुर ,मोबाइल 8965950000.**(आरो-905)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष, शिक्षाः न्यूनतम 10वीं पास, वेतनः 20,000 प्रति माह तक सुविधाएंः रहने की व्यवस्था हैं **स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क करें:- 9109972720, 9109222000.**(आरो-089)

आवश्यकता

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चालाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता है **संपर्क: दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 9827114645, 9131139179.**(आरो-952)

अलाइनमेंट टेक्नीशियन

आवश्यकता है- टायर शोरूम हेतु व्हील अलाइनमेंट टेक्नीशियन। कार्यः टायर फिटिंग, बैलेंसिंग एवं अलाइनमेंट। रहने-खाने की व्यवस्था उपलब्ध। **कथुरिया टायर हाउस, दल्ली राजहरा, जिला :- बालोद (छत्तीसगढ़) 9827513972.**(आरो-09909)

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक , **संपर्क करें: 9826708233 ,पता: 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.)** (आरो-SPD/0087)

ग्राफिक डिजाइनर

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य करने हेतु शीघ्र आवश्यकता है ग्राफिक डिजाइनर (15000-18000), टेलीकॉलर (10000-12000), फ्लेक्स मशीन ऑपरेटर (10000-15000), हेल्पर (10000 - 12000), ड्राइवर (10000-12000) **संपर्क -सरोना चौक रायपुर मो. 7974351591.**(आरो-4190)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.**(आरो-091)

सर्विस

आवश्यकता है- विज्ञापन प्रचार में गाड़ी टाटा एस एवं ई-रिक्शा लगवाने हेतु **संपर्क करें -सरोना चौक लैंड रोवर शोरूम के पीछे लॉजिस्टिक पार्क रायपुर मो. 7974351591.**(आरो-4191)

हरिभूमि

कुक

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने हेतु महिला चाहिए। 24 घंटे रहकर कार्य करना होगा। आयु 35–60 वर्ष। **स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतन 12,000 से 15000 प्रतिमाह। संपर्क: 9826708233.**(आरो-SPD/0086)

Property प्रापर्टी

मकान/प्लाट

मकान प्लाट बेचना है- रायपुरा गोकुलधाम सोसायटी के सामने भाटागांव रोड़ 800 वर्गफीट पर भूतल पर निर्मित डायवर्सन मकान सर्व सुविधायुक्त मेंन रोड से लगभग 100 फीट अंदर एवं नया राजधानी से लगा जामगांव अभनपुर में 1000 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट भाटागांव भर्री खार 600 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें। **संपर्क मों. नंबर:- P. L. यदु महामाई परा रायपुर. 8827380696, 9754685471, 7389048751, 8435931717.** (आरो-226)

प्लाट

प्लॉट बेचना है - पायोनियर स्कूल के पास VIP नगर पाटन रोड उतई से 50 मीटर अंदर 2600 स्क्वायर फीट प्लाट बेचना है **संपर्क करें** 94241-21824, 99079-15088. (आरो - 1385)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

बेचना है - रिसाली धनोरा मात्र छाया फेश-2 में 30 x 50= 1500 फिट आवासिय प्लॉट एवंम मैंत्री कुंज पानी टंकी वाले मार्केट में कमर्शियल प्लॉट 25 x60=1500 फिट उपलब्ध है। **बेचना है मो.- 91319-80919.**(आरो-343)

भूमि/फ्लैट/प्लाट

खाटूश्याम प्रॉपर्टीज़- इस त्यौहार करे आपके सपने साकार कृषि भूमि, फ्लैट, घर, प्लॉट सबसे बढ़िया दाम के उपलब्धदुर्ग भिलाई का **सबसे भरोसेमंद प्रॉपर्टी डीलर- 73899-02902.** (आरो - SPD/0091)

For Rent किराया

किराये से देना है - आवास, गेस्ट हाउस हेतु किराये पर उपलब्ध है अविनाश वुड्स अभनपुर जगदलपुर (छत्तीसगढ़) में सर्वसुविधायुक्त फ्लैट- 3BHK, 3 Toilet, Fully Furnished उपयोग- गेस्ट हाउस/ PG हेतु उपयुक्त **सम्पर्क करें- 9981669720.**(आरो-42074)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए
हरिभूमि
क्लासिफाईड

Healthcare

यौन रोग व यौन कमजोरी

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

वायरो रिसर्च एन्ड रिकन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ....

किया गया है। इस ऐतिहासिक आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय बुक आफ रिकार्ड्स - वर्ल्ड रिकॉर्ड्स आफ एक्सीलेंस ने ज्योति विसर्जन यात्रा के दौरान सिर पर अग्नि कलश धारण करने वाली महिलाओं का सबसे बड़ा समूह के रूप में विश्व रिकॉर्ड के तौर पर मान्यता दी है। रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र इंटरनेशनल बुक आफ रिकार्ड्स के सीईओ पंकज विग द्वारा ट्रस्ट समिति को प्रदान किया गया है।

पहाड़ी पर कांसे ....

देखे। चरवाहा घर लौटा तो भेड़ को अपनी जगह बंधा देखकर आश्चर्यचकित रह गया। उसने यह बात परिवार सहित धमना के लोगों को बताई। गांव वालों के साथ चरवाहा अपने परिवार के साथ उसी जगह पर पहाड़ी के जगह पर गया जहां जिस जगह पर देवी बैठी थी। उस जगह पर लाल कमल का फूल दिखाई दिया। पहाड़ी के ऊपर किसी के नहीं मिलने पर गांव वालों ने चरवाहे की खूब हंसी उड़ाई। इससे परेशान होकर चरवाहे ने पुनः उस कमल फूल को याद कर गांव वालों की हंसी उडाने की बात कही। चरवाहे की विनती सुनकर मां ने अपने स्थान पर अपना वाहन सिंह को गांव में भेजा। धमना सहित पूरे जंगल में शेर के आने की खबर से लोगों में दहशत फैल गई। तब गांव के लोगों ने क्षमा मांगते हुए मां के रहने के जगह की जानकारी मांगी। तब मां ने अपने बैठने के स्थान को कांसा की झंकार की आवाज आने की बात कही। गांव वालों ने जंगल के ऊपरी पहाड़ी में स्थित सभी पत्थरों को बजाकर देखा। जहां पर एक पत्थर से कांसे की झंकार की आवाज आती थी। उसी पत्थर के स्थान को लोगों ने मां गरजाई का स्थान माना। गांव वालों का विश्वास है कि नवरात्रि में विशेष पूजा अर्चना से गांवों में देवी-देवताओं का छत्र छाया बनी रहती है। मां गरजाई धाम में 55 गांवों के देवी देवताओं को पूजा पाठ के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन सभी देवी-देवताओं की ग्रामीण पूजा करते हैं, लेकिन मुख्य पूजा गरजाई माता की होती है।

रमई पाठ धाम ....

बारहमासी जल रमई पाठ धाम की सबसे खास विशेषताओं में यहां स्थित गंगा मैया का प्राकृतिक जलस्रोत शामिल है। स्थानीय लोगों के अनुसार आम के पेड़ की जड़ से वर्षभर लगातार पानी निकलता रहता है। इस जलस्रोत का उद्गम किस प्रकार हो रहा है, यह आज भी ग्रामीणों के लिए कौतूहल और रहस्य का विषय है। श्रद्धालु इस जल को आस्था से जोड़कर देखते हैं। इसके अलावा यहां सेमर के वृक्ष पर गणेश और माता दुर्गा की आकृतियां प्राकृतिक रूप से उकेरी हुई दिखाई देती हैं, जिन्हें श्रद्धालु धार्मिक आस्था का प्रतीक मानते हैं।

प्राचीन प्रतिमाएं और पुरातात्विक महत्व : स्थल पर प्राचीन मूर्तियां तथा राम सेतु से संबंधित बताए जाने वाले पत्थर भी मौजूद होने की बात स्थानीय लोग बताते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यहां आठवीं शताब्दी से जुड़ी प्राचीन प्रतिमाएं विद्यमान हैं। हालांकि इन दावों की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक पुष्टि के लिए विशेषज्ञों द्वारा सर्वेक्षण एवं अध्ययन किया जाना आवश्यक है। रमई पाठ धाम जिला मुख्यालय गरियाबंद से करीब 45 किलोमीटर तथा छुरा ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

मान्यता पूरी होने पर लोहे का सांकल चढ़ाते हैं भक्त : क्वांर और चैत नवरात्र के अवसर पर रमई पाठ में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या पहुंचती है। गरियाबंद के अलावा महासमुंद, रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव और बलौदाबाजार सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचते हैं। मान्यता के अनुसार श्रद्धालु यहां मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। मन्नत पूरी होने पर लोहे का सांकल चढ़ाने की परंपरा भी बताई जाती है। संतान प्राप्ति की कामना लेकर आने वाले निसंतान दंपतियों की माता रमाई के प्रति विशेष आस्था है।

गुजरात मॉडल को ....

था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने अपनी मेहनत और दूरदृष्टि से उसे फिर से विकसित करने का काम किया। गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात जैसे आयोजन भी शुरू किए गए। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी 2014 से देश के प्रधानमंत्री हैं। उनके नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। साय के मुताबिक, 2014 से पहले भारत दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में दसवें स्थान पर था, जबकि अब चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

बस्तर में विकास को ....

उन्मूलन के लिए केंद्र से 2,080 करोड़ रुपये की विशेष सहायता मिली है। सड़क, पुल, आवास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से बस्तर में शांति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।

2047 तक विकसित ....

सैनिक के सिर को धड़ से अलग कर उसके साथ फुटबॉल की तरह व्यवहार किया गया था, लेकिन तब भी सरकार ने बातचीत से आगे कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्रवाइयां कीं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब दुश्मन के घर में घुसकर जवाब देने वाला मजबूत देश बनकर खड़ा है।

पेज एक के शेष

यूनिवर्सिटी खोलने के लिए नहीं चाहिए जमीन...

गई है। राज्य के चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग द्वारा राज्य में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों तथा संलग्न शिक्षण चिकित्सालयों के न्यूनतम मानकों और स्नातक पाठ्यक्रम के संचालन के लिए नए विनियम जारी कर दिए गए हैं। यह व्यवस्था उसी का हिस्सा है।

बेटे की सड़क किनारे और घर...

संघर्ष के निशान मिले हैं। इस अंधे कत्ल से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना पर पुलिस, फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच चल रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि शनिवार की सुबह जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम महावीरपुर एनएच 43 से लगी ग्रामीण सड़क के किनारे एक युवक का शव मिला था। हत्यारों ने शव को दफन किया था, लेकिन जल्दबाजी में वे ठीक से शव को दफन नहीं कर पाए और उसका पैर बाहर रह गया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को बरामद कर मर्च्युरी में भेजने के साथ ही मृतक की पहचान की जा रही थी। दिनभर की मशक्कत के बाद मृतक की पहचान 18 वर्षीय सुजल बरेट के रूप में की गई थी। सुजल बरेट अपनी मां रजनी बरेट के साथ बिश्रामपुर के केशवनगर ममता कालोनी में किराए के मकान में रहता था और कार्मेल स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र था। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस टीम देर शाम मृतक के घर पहुंची लेकिन वहां बाहर से ताला लगा हुआ था। बेटे की मौत और घर पर ताला लगा होने पर पुलिस ने आस पास के लोगों को मौके पर बुलाने के बाद घर का ताला तोड़कर घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान जब पुलिस बाथरूम में पहुंची तो उनके होश उड़ गए। घर में सुजल की मां रजनी की भी लाश पड़ी हुई थी। रात होने के कारण पुलिस ने घर को सील कर दिया था।

मुंबई में रहकर सेक्स रैकेट चला...

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आठ अक्टूबर को मीरा-भायंदर रोड स्थित एक होटल में एक फर्जी ग्राहक भेजा। पुलिस ने बताया कि इसके बाद वहां छापा मारकर तबस्सुम उर्फ सोनिया उमर कुरैशी (39) नामक महिला को पकड़ा गया। आरोप है कि वह महिलाओं को जबरन देह व्यापार में धकेलने के एवज में पैसे ले रही थी। उसने बताया कि हिंदी धारावाहिकों और वेब सीरीज में काम करने वाली एक अभिनेत्री को बचाया गया और उसकी सुरक्षा के लिए उसे मुंबई स्थित रेस्क्यू फाउंडेशन में रखा गया है। पुलिस ने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। पुलिस के अनुसार, कुरैशी और उसका एक पुरुष सहयोगी मनोरंजन जगत से जुड़ी महिलाओं, विशेष रूप से टीवी धारावाहिकों, वेब सीरीज और फोटो शूट में काम करने वाली महिलाओं को कथित तौर पर जबरन देह व्यापार में धकेलते थे।

पुलिस ऑपरेशन में एनजीओ ने दिया साथ : पुलिस ऑपरेशन में एक लोकल एनजीओ ने अहम भूमिका निभाई। रैकेट की गैर-कानूनी गतिविधियों की पुष्टि होने के बाद, अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरी तरह से छापेमारी की। वह महिला कथित तौर पर महिलाओं को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करती थी। रिपोर्ट के मुताबिक, उसका पुरुष साथी अभी भी फरार है।

स्मृति की कप्तानी में पहली...

बार अभ्यास करेगी। कप्तान स्मृति मंधाना सबसे पहले शाम को रायपुर पहुंचीं। एयरपोर्ट से सुरक्षा व्यवस्था के बीच वे सीधे होटल के लिए रवाना हुईं। इसके बाद रात करीब 8 बजे टीम की अन्य खिलाड़ी भी पहुंचीं। अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए प्रशंसक भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। शेफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, निकी प्रसाद, अनुष्का शर्मा, जी. कमालिनी, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदिनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिंतिमणि कलिता और मिन्नू मणि समेत महिला खिलाड़ी एयरपोर्ट से बस के जरिए मे-फेयर रिसॉर्ट के लिए रवाना हुईं।

आज दोपहर पहुंचेगी जिम्बाब्वे की टीम : जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम सोमवार दोपहर करीब 2 बजे रायपुर पहुंचेगी। एयरपोर्ट से टीम सीधे मे-फेयर रिसॉर्ट जाएगी। आगमन के बाद खिलाड़ी आराम करेंगी और अगले दिन अभ्यास के लिए मैदान पर उतरेंगी।

'एनर्जी सीजफायर' का दावा

ट्रंप बोले-रूस और यूक्रेन ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर नहीं करेंगे हमले

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच 'एनर्जी सीजफायर' का दावा किया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह सीजफायर तत्काल प्रभाव से लागू होगा और रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्ष इस पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने दोनों पक्षों से इसका उल्लंघन नहीं करने की अपील की। इससे पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि अगर मॉस्को यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले रोकता है, तो यूक्रेन रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने के लिए तैयार है। शनिवार को ट्रंप ने रूसी रिफाइनरियों पर यूक्रेन के हमलों को अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ने के लिए जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने जेलेंस्की से हमले रोकने को कहा था। ट्रंप ने यह भी कहा था कि यूक्रेन को अपना नेता बदल लेना चाहिए, क्योंकि जेलेंस्की ने मॉस्को के साथ समझौते के कई मौके गंवा दिए हैं।

डीजल कीमतों में बढ़ोतरी

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद फरवरी में डीजल कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है। अगले महीने होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले यह ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक चुनौती बन गई है। जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि यूक्रेन रूसी रिफाइनरियों पर हमले तभी रोकने के लिए तैयार है, जब मॉस्को भी यूक्रेन के पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले बंद करे। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते के साथ 'वास्तविक गारंटी' होनी चाहिए।



असम में मानव तस्करी का बड़ा पर्दाफाश: 12 बांग्लादेशी पकड़ाए

एजेंसी ▶▶| गोवाहाटी

असम के गोलपारा जिले से 12 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। इनमें 3 नाबालिग भी शामिल हैं। दरअसल, एक स्थानीय व्यक्ति ने उन्हें ऐसी हालत में देखा था, जहां वे कहीं फंसे हुए लग रहे थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि शक है कि ये सभी मानव तस्करी के शिकार हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये लोग 5 अक्टूबर को एक दलाल की मदद से भारत में दाखिल हुए थे। उन्हें नौकरी की उम्मीद थी, पर नौकरी मिली नहीं। मुख्यमंत्री सरमा ने भरोसा दिलाया है कि इसमें स्थानीय स्तर पर जो भी लोग शामिल होंगे, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दलाल साबर बांग्लादेशियों के पैसे लेकर फरार

साबर नाम के दलाल ने इन सभी को गुवाहाटी में काम दिलाने का वादा किया था, लेकिन जब ये लोग यहां पहुंचे, तो दलाल साबर उनके पैसे और फोन लेकर गायब हो गया। इसके बाद वे सभी फंसे गए। दलाल ने उन्हें शहर में काम कर रहे दूसरे बांग्लादेशियों के वीडियो कॉल भी दिखाए थे। उसने तय किया था कि मालिक हर वयस्क के लिए 20,000 रुपये देंगे। यह रकम बाद में उनकी तनख्वाह से काट ली जानी थी।

मणिपुर के दो लोगों से 43 करोड़ की ड्रग्स बरामद

गुवाहाटी। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने असम में दो ट्रकों के ईंधन टैंकों में छिपाकर रखी गई करीब 43 करोड़ रुपये की 53.93 किलोग्राम मेथामफेटामीन जब्त की और मणिपुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई छह अक्टूबर को गुवाहाटी में की गई और मादक पदार्थों की यह खेप म्यांमा से मंगाई गई थी। दो ट्रकों से कुल 53.93 किलोग्राम मेथामफेटामीन जब्त की गई। उन्होंने बताया कि इन मादक पदार्थों को ईंधन टैंकों के भीतर छिपाया गया था। एनसीबी के इस अभियान में मणिपुर के बिष्णुपुर के रहने वाले दो लोगों को गिरफ़्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार मादक पदार्थों के अवैध बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 43 करोड़ रुपये है।

तेलंगाना: काला जादू के शक में डीजल छिड़ककर मां को जिंदा जलाया

एजेंसी ▶▶| मेडक



तेलंगाना में मेडक जिले से एक खौफनाक खबर सामने आई है। दुर्गेश नाम के 22 साल के एक युवक ने काले जादू के शक में अपनी 38 साल की मां पर डीजल डालकर और आग लगाकर उनकी हत्या करदी। पुलिस के अनुसार, इससे पहले उनके बीच झगड़ा हुआ था। हमने मामला दर्ज कर लिया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दुर्गेश करीब 10 दिन पहले ही हैदराबाद से गांव लौटा था। जांच टीम के मुताबिक, उसे शराब की लत थी और उसका व्यवहार अजीब था। गांव वालों के बयान या पुलिस की जांच से इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। महिला द्वारा काला जादू करने का कोई सबूत नहीं मिला। आरोपी ने अपनी मां को जलाने के लिए अपने ऑटो-रिक्शा के डीजल का इस्तेमाल किया था।

बेटे ने क्यों उठाया ऐसा कदम?

जानकारी के मुताबिक आरोपी बेटे को शक था कि उसकी मां काला जादू करती है। पीड़ित महिला टेकमल मंडल के येल्लुपेट गांव में खेतिहर मजदूर थी। पुलिस के मुताबिक, बुरी तरह जलने महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उसका बेटा, 22 वर्षीय आरोपी बेटा दुर्गेश ऑटो-रिक्शा चलाता है। आरोपी दुर्गेश कई दिनों से अपनी मां पर काला जादू करने और कई दशक पहले गांव वालों की मौत के लिए उसे जिम्मेदार ठहराने का आरोप लगा रहा था।

प्रकाश राजपुरोहित नए उप चुनाव आयुक्त नियुक्त

नई दिल्ली। भारत के चुनाव आयोग ने राजस्थान कैडर के 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित को अपना नया उप चुनाव आयुक्त बनाया है। उन्होंने संजय कुमार के अचानक पद छोड़ने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है और वे 2030 तक इस पद पर रहेंगे। अभी राजपुरोहित को कौन सा काम सौंपा जाएगा, यह तय नहीं हुआ है। आने वाले बड़े चुनावों को देखते हुए यह एक बहुत ही अहम पद है। संजय कुमार के अचानक पद छोड़ने के बाद विभाग में कुछ चिंताएं पैदा हो गई थीं। अधिकारियों को इस बात की फिक्र थी कि जिम्मेदारियों को इधर-उधर करने में प्रोटोकॉल का कहीं उल्लंघन न हो जाए। ये सारी दिक्कतें केंद्रीय सचिव के सामने भी रखी गई थीं।

राशिफल

मेष मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

मीन शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

केजरीवाल समेत आप नेता घुसे बंगला साहिब गुरुद्वारा में, शिकायत दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम भी शामिल है। यह मामला 10 अक्टूबर को गुरुद्वारा बंगला साहिब में हुए एक विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इस प्रदर्शन के दौरान, आरोप है कि आप समर्थक गुरुद्वारे के अंदर घुस गए थे। उन्होंने वहां राजनीतिक नारे लगाए, जिससे गुरुद्वारे का शांत और पवित्र माहौल बिगड़ गया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और उनकी टीम ने घटना से जुड़े कुछ वीडियो पुलिस को सौंपे हैं।

सोशल मीडिया पर गलत वीडियो से नाराजगी

कमेटी इस बात से भी नाराज है कि कुछ आप नेताओं और विधायकों ने सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो साझा किए हैं, जिनमें आरोप है कि घटना को गलत तरीके से दिखाया गया है या उनसे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसके अलावा कमेटी ने इस बात पर भी चिंता जताई है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल गुरुद्वारे के अंदर घुस गया था।

न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 29434,वाचक/तह./2026
मंदिर हसौद, दिनांक 06.10.26

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक छत्तीसगढ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-चंदखुरी, प.ह.नं.-04, रा.नि.मं.-चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 217, 460, 461, 462, 463, 464, 465, 882 रकबा क्रमशः 0.80, 1.83, 0.25, 6.09, 0.63, 0.45, 0.12, 0.57 हे. शासकीय भूमि को कौशल्या माता मंदिर परिसर चंदखुरी के अधोसंरचना विकास कार्य हेतु पर्यटन विभाग के नाम से आबंटन कराना चाहता है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के आबंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 22.10.26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 06.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

S-49374/2 मुहर तहसीलदार मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com
Contact No. - 09454221467, 7599421014, 08305143251, 09893404589

निविदा विज्ञप्ति क्र.- 10 **-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-** दिनांक- 10/10/2026

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला-कबीरधाम में विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग सामग्री, केमीकल्स, लैब आईटम्स, विभिन्न शुगर पैकिंग सामग्री, विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री क्रय/कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/-रू. (1000/-रू. + 311/-रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1	पुनः ई-निविदा सूचना क्रमांक - 201174 (Only OEM & Authorized Dealer) Lime, Sulphur and Other Chemical, Boiler Chemical Cooling Tower Chemical, Cleaning Equipment, & Other Engineering Item, AMC & Data Transfer water flow Meter etc.	दिनांक 12/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 19/10/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 19/10/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से
2	पुनः ई-निविदा सूचना क्रमांक - 201175 (Non Authorized Suppliers) Sugar Bag Stitching and Printing Material Various Chemicals, Oil Seal, Bearings Mini Dosing Pumps & Other Miscellaneous Item etc.	दिनांक 12/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 22/10/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 22/10/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से
3	ई-निविदा सूचना क्रमांक - 201424 (OEM & Authorized Dealer) Laboratory Chemicals, and Apparatus, gear Box, PP & Jute Bags, Portable Sugar bag Belt Conveyor Etc.	दिनांक 12/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 26/10/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 26/10/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या.
कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6375



बाएँ से दाए
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

शब्द पहेली - 6374 का हल

अ	स	ह	नी	य		क	लि	का	
प	र		ला		सा	ग	र	बु	आ
ह			प	ह	रा		ण		खे
र	स	खा	न			म		क	प	ट
ण		लि		न	भ	च	र		रा	
	आ	स		सी		ल		ग	स्त	
	रा		प	ह	न	ना		रु		ड
शा	म	त		त			ता	र	ता	र
य			तै		जा	हि	र			ल
द	म		र	सी	ला		पी		ज	ग
	न	गी	ना			म	न	भ	र	ना

सूडोकु नवताल - 6385

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6384 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

खबर संक्षेप



आनंद राठी वेल्थ का लाभ 22 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। आनंद राठी वेल्थ का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 122 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। पूंजी प्रबंधन क्षेत्र की इस कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 99.8 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 16 प्रतिशत बढ़कर 356.6 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 307 करोड़ रुपये था। वित्तवर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 238 करोड़ रुपये और राजस्व 17 प्रतिशत बढ़कर 693 करोड़ रुपये हो गया।

सैटकॉम कंपनियों को मिले स्टेक्ट्रम : एयरटेल



नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यदि उपग्रह संचार (सैटकॉम) कंपनियां मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्पेक्ट्रम का उपयोग करना चाहती हैं, तो उन पर दूरसंचार कंपनियों के समान नियम लागू होने चाहिए। भारती एयरटेल के कॉरपोरेट मामलों के निदेशक एवं समूह के मुख्य नियामकीय अधिकारी राहुल वत्स ने ''इंडिया मोबाइल कांग्रेस'' (आईएमसी) में कहा कि डायरेक्ट-टू-डिवाइस प्रौद्योगिकी में उपग्रह सीधे मोबाइल फोन पर सिग्नल भेजते हैं। यह प्रशासनिक आवंटन के तहत सैटकॉम कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से अलग है।

रायपुर में प्रथमेश हॉस्पिटल का शुभारंभ, सीएम ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के देवपुरी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अत्याधुनिक प्रथमेश हॉस्पिटल की शुरुआत हुई। अस्पताल का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री साय ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की स्वच्छता, सुव्यवस्थित प्रबंधन और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सारिका साहू और उनकी टीम को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि यह संस्थान रायपुर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, संस्थान का उद्देश्य केवल मरीजों का उपचार करना नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और आपसी विश्वास के साथ समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ विभागों के जरिए अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में काम करेगा।

125 बेड के अस्पताल में 5 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर

कई प्रमुख चिकित्सा विभागों की सुविधा

अस्पताल में न्यूरोसाइंसेस, कार्डियक साइंसेस, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य, ट्रामा एवं इमरजेंसी, ऑर्थोपेडिक्स, नेफ्रोलॉजी और क्रिटिकल केयर सहित विभिन्न चिकित्सा विभाग शुरू किए गए हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को एक ही परिसर में विभिन्न विशेषज्ञताओं से जुड़ी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।



एक लाख वर्गफीट में तैयार किया गया अस्पताल

डॉक्टरों द्वारा संचालित 125 बिस्तरों वाला यह पूर्णतः वातानुकूलित अस्पताल एक एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगभग एक लाख वर्गफीट के परिसर में बनाया गया है। यहां 50 से अधिक बेड का मॉड्यूलर आईसीयू और पांच मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा अत्याधुनिक कार्डियक यूनिट के साथ एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे, सोनोग्राफी और पैथोलॉजी की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

विश्लेषकों ने कहा, निवेशकों की नजर ओपेक पर

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव के आसार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को लेकर अनिश्चितता तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अगले सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की आशंका है। हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए समझौते की उम्मीद से कीमतों में कुछ गिरावट भी आ सकती है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

- अमेरिका ईरान में बातचीत को लेकर अभी भी गतिरोध

विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की नजर पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की मासिक तेल बाजार रिपोर्ट के साथ अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान (एपीआई) के साप्ताहिक भंडार आंकड़ों तथा अमेरिका सरकार की ओर से जारी कच्चे तेल के भंडार और आयात के आंकड़ों पर भी रहेगी।

खास बातें

- अमेरिकी सरकार के आयात आंकड़ो पर भी निवेशकों की नजर
- गतिरोध के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं



भू-राजनीतिक अनिश्चितता और बढ़ गई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमले के बाद अमेरिका, यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य कार्रवाई में शामिल होने पर विचार कर रहा है। उनके इस बयान से क्षेत्र में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और बढ़ गई है।

संघर्ष के विस्तार को लेकर चिंताएं बढ़ी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा कि संघर्ष के विस्तार से क्षेत्र के रास्ते होने वाली ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी शामिल है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर पिछले सप्ताह अक्टूबर में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के वायदा भाव में 35 रुपये यानी 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 8,881 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ।

एमसीएक्स पर कच्चा तेल ऊपर बना हुआ

हालांकि, नवंबर अनुबंध 82 रुपये यानी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 8,828 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। दमानी ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतें कूटनीतिक उम्मीदों और वास्तविक आपूर्ति में बने जोखिमों के बीच झूल रही हैं। युद्ध से पहले करीब 6,500 रुपये प्रति बैरल के स्तर के मुकाबले एमसीएक्स पर कच्चे तेल का 8,500 रुपये से ऊपर बने रहना दर्शाता है कि कीमतों में आपूर्ति जोखिम का बड़ा प्रीमियम अब भी शामिल है।''

कीमतों में और गिरावट आ सकती है

दमानी ने कहा कि अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर निकट अवधि में कीमतों में और गिरावट आ सकती है। हालांकि, पिछले अनुभव बताते हैं कि केवल कूटनीतिक प्रगति से आपूर्ति में लंबे समय तक सुधार सुनिश्चित नहीं होता।

मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान पर सैन्य हमला नहीं

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और अमेरिका तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान पर सैन्य हमला नहीं करेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक बाजारों के लिए अमेरिका-ईरान कूटनीतिक बातचीत और कच्चे तेल की कीमतों से जुड़े घटनाक्रम महत्वपूर्ण बने रहेंगे।

रायपुर में ओमेगा मेडिशाइन हॉस्पिटल शुरू, कैंसर केयर सेंटर का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ओमेगा मेडिशाइन हॉस्पिटल की शुरुआत हुई। रविवार को ओमेगा हॉस्पिटल्स ग्रुप, हैदराबाद की इस पहल के साथ अस्पताल परिसर में कॉम्प्रिहेंसिव ऑन्कोलॉजी केयर यूनिट (व्यापक कैंसर उपचार इकाई) का भूमिपूजन भी किया गया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के मरीजों को कैंसर के आधुनिक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद जैसे महानगरों पर निर्भर न रहना पड़े। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रायपुर की महापौर मीनल चौबे, मॉर्गन स्टेनली के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रतीक भुरट और क्लियरमेडी हेल्थकेयर के सीईओ कमांडर नवनीत बाली सहित विभिन्न क्षेत्रों के अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में ओमेगा हॉस्पिटल्स ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर तथा सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सी. मोहना वाम्सी और ओमेगा मेडिशाइन हॉस्पिटल के एमडी एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा भी उपस्थित रहे।

- सीएम विष्णुदेव साय रहे मुख्य अतिथि

जांच से लेकर उपचार तक की सुविधाएं विकसित होंगी

प्रस्तावित कैंसर केयर सेंटर में कैंसर की स्क्रीनिंग, आधुनिक जांच, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन थेरेपी और पैलिएटिव केयर जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है। इसके साथ ही रोबोटिक सर्जरी सहित उन्नत चिकित्सा तकनीकों पर भी जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य मरीजों को एक ही स्थान पर जांच, विशेषज्ञ परामर्श और उपचार की समन्वित सुविधा उपलब्ध कराना है।

महानगरों पर निर्भरता कम करने की पहल

कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को अक्सर दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इससे उपचार के खर्च के साथ मरीजों और उनके परिजनों को आवागमन तथा रहने की अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रायपुर में व्यापक कैंसर उपचार सुविधाओं के विकास से छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है।

कंपनी के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा विप्रो और एचसीएल टेक जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और कच्चे तेल की चाल से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा निवेशकों की नजर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों, रुपये की चाल, अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी रहेगी। शोध विश्लेषक फर्म एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर पहले सितंबर माह के लिए खुदरा (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रहेगी। यदि आंकड़े उम्मीद से अधिक ऊंचे रहते हैं, तो इससे रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में और सख्ती की चिंताएं दोबारा उभर सकती हैं।

पूनावाला फिनकॉर्प का लाभ पांच गुना होकर 375 करोड़

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पूनावाला फिनकॉर्प का सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ पांच गुना होकर 375 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से ब्याज आय में वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 74 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

छत्तीसगढ़ शासन
विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला - रायपुर 492002

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान विज्ञापन

राज्य शासन द्वारा विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने, प्रोत्साहित करने और मान्यता देकर उनकी विशेष पहचान बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय "बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान वर्ष 2026 देने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सम्मान के लिये दो व्यक्तियों का चयन किया जायेगा, जिन्हे पुरस्कार स्वरूप राशि रूपये 1.00-1.00 लाख (एक-एक लाख रूपये) प्रति व्यक्ति नगद सम्मान तथा प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति पत्र के साथ दी जायेगी। इस सम्मान हेतु विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तियों से दिनांक 06.10.2026 तक निम्नानुसार विहित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को दिनांक 06.10.2026 से दिनांक 16.10.2026 तक बढ़ाते हुए इस सम्मान हेतु विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तियों से दिनांक 16.10. 2026 तक निम्नानुसार विहित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

(क) व्यक्ति का पूर्ण परिचय,
(ख) विधि के क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिये किये गये उत्कृष्ट कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी,
(ग) यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण,
(घ) विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धान्तिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की फोटो प्रति (सत्यापित).
(च) विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र / पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य,
(छ) चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति,
(ज) आवेदक द्वारा प्रस्तुत जानकारी तथा दस्तावेज (पत्र प्रमाण पत्र कतरन प्रतिवेदन आदि) के सही और वास्तविक होने की घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
(झ) यदि कोई व्यक्ति शासकीय कार्यालय में कार्यरत है तो वह छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक एफ-10-53/2009/1/5, दिनांक 07.12.2009 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप प्रशासकीय विभाग के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेगें।
(ञ) विस्तृत विज्ञापन आवेदन की विधि संबंधी अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://law.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

उक्त सम्मान हेतु प्राप्त समस्त आवेदनों के संबंध में निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय लिया जायेगा, निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा। निर्णायक मंडल के सदस्य एवं उसके परिवार के व्यक्ति उस वर्ष के सम्मान के लिये आवेदन करने के लिये अनर्हित होगें, जिस वर्ष के लिये वे निर्णायक मंडल के सदस्य नियुक्त किये गये है।

उक्त सम्मान हेतु सभी आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक 16.10.2026 तक प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय, केपिटल काम्पलेक्स, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) पिन कोड नम्बर 492002 को प्राप्त हो जाना चाहिए।

अतः आवेदक सीधे प्रमुख सचिव के उक्त पते पर व्यक्तिशः अथवा डाक द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। डाक से भेजे गये पत्र के विलंब से प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नही होगा तथा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

(भूपेन्द्र कुमार वासनीकर)
अतिरिक्त सचिव
छ.ग. शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग

आवेदन हेतु प्रारूप

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान पुरस्कार वर्ष.....

(1) व्यक्ति का पूर्ण परिचय :-

(क) नाम -
(ख) पिता का नाम -
(ग) शैक्षणिक योग्यता -
(घ) पदनाम / व्यवसाय -
(ड.) पत्राचार का पूर्ण पता -
(च) संपर्क दूरभाष क्रमांक -

(2) विधि के क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिये किये गये उत्कृष्ट कार्यो (सप्रमाण) / सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की छायाप्रति (सत्यापित) / प्रख्यात पत्र / पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से किये गये उत्कृष्ट कार्य की विस्तृत जानकारी (जैसा लागू हो):-
(3) यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरणः-
(4) पुरस्कार हेतु चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने हेतु लिखित सहमति :-
(5) आवेदक द्वारा प्रस्तुत जानकारी तथा दस्तावेज (पत्र प्रमाण पत्र, कतरन प्रतिवेदन आदि) के सही और वास्तविक होने की घोषणा पत्र :-
(6) अन्य कोई जानकारी जो आवश्यक हो :-

संलग्न :-

दिनांक :-

आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं पूर्ण पता दूरभाष सहित

G-262703887/4



चाइना ओपन की नई क्वीन बनीं झेंग किनवेन, दो साल बाद जीता पहला खिताब

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

झेंग किनवेन ने चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रेंच ओपन चैंपियन मीरा आंद्रीवा को 7-5, 6-4 से हराकर दो साल में अपना पहला खिताब जीता। झेंग ने पहले मैच प्वाइंट पर ही आंद्रीवा के बैकहैंड की दिशा में ऐस लगाकर मुकाबला अपने नाम किया। इसके बाद वह भावुक होकर कोर्ट पर गिर पड़ीं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े।

कोहनी की चोट के कारण झेंग की रैंकिंग में भारी गिरावट आई थी। पिछले साल करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर पहुंचने वाली चीन की यह खिलाड़ी अपने घरेलू टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश करते समय 54वें स्थान पर खिसक गई थीं। हार के बावजूद आंद्रीवा की रैंकिंग में सुधार होगा और वह करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचने वाली हैं।



शंघाई मास्टर्स : ज्वेरेव ने दर्ज की साल की 60वीं जीत

शंघाई। शंघाई मास्टर्स के तीसरे राउंड में रविवार को अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने क्वेंटिन हैलिस की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए 6-4, 6-7(8), 6-3 से जीत हासिल की। यह साल 2026 में उनकी 60वीं जीत थी। ऐसा तीसरी बार था, जब उन्होंने एक सीजन में 60 से ज्यादा जीत हासिल कीं। इससे पहले उन्होंने 2018 में 60 और 2024 में 69 मैच जीते थे। टॉप-सीडेड जर्मन खिलाड़ी को अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली, जिन्होंने पहले ज्वेरेव के 2026 यूएस ओपन खिताब जीतने के सफर के दौरान उन्हें पांच सेट तक खेलने के लिए मजबूर किया था। ज्वेरेव दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में दो मैच प्वाइंट्स से चूक गए, जिसे हैलिस ने जीत लिया। हालांकि, वर्ल्ड नंबर 2 खिलाड़ी ने पहले और तीसरे सेट की शुरुआत में प्रतिद्वंद्वी की सर्विस दो बार तोड़कर मुकाबला अपने नाम किया।



गेआ ने किया उलटफेर शेल्टन को किया बाहर

शंघाई। फ्रांसीसी क्वालीफायर आर्थर गेआ ने रविवार को शंघाई मास्टर्स में अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने चौथे नंबर के बेन शेल्टन को सीधे सेटों में हराकर टॉप 10 में शामिल किसी खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल की और टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंच गए। 21 साल के इस खिलाड़ी ने अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 7-6 (3) से जीत हासिल की और साल के दूसरे सबसे बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपने शानदार सफल सीजन को आगे बढ़ाने के लिए दो करीबी टाई-ब्रेक में धैर्य दिखाया। मास्टर्स 1000 इवेंट के मेन-ड्रॉ में डेब्यू करते हुए गेआ ने इस मौके पर ज्यादा परेशान होने का कोई संकेत नहीं दिया। शुरुआती सेट में दो बार ब्रेक का फायदा गंवाने के बावजूद, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुंचने पर अपना धैर्य बनाए रखा और इसे 7-5 से जीतकर शुरुआती बढ़त बना ली।

तीसरा टी20 : अभिषेक की आतिशी पारी और गेंदबाजों का प्रहार, वेस्टइंडीज को 14 रन से हराया

भारत का पलटवार, सीरीज में बनाई 2-1 की बढ़त

एजेंसी ▶▶| इंदौर

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराकर 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली।

भारत के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम शिमरोन हेटमायर (43 रन, 26 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) और कामिल पूरन (42 रन, 27 गेंद, 3 छक्के, 3 चौके) की उम्दा पारियों के बावजूद 7 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। शमार स्प्रिंगर (11 गेंद में नाबाद 35, 4 छक्के, 2 चौके) ने अंत में तूफानी पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत की ओर से अर्शदीप ने 44 रन पर 3 जबकि नमन धीर ने 39 रन पर 2 विकेट चटकाए।

अभिषेक और ईशान ने जोड़े 108 रन

अभिषेक ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 108 रन जोड़कर भारत को ठोस मंच प्रदान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उम्मीद के मुताबिक रन नहीं जुटा सकी। वेस्टइंडीज की तरफ से ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज शमार स्प्रिंगर और शमार जोसेफ ने भी दो-दो विकेट चटकाए लेकिन क्रमशः 50 और 54 रन लुटाए।

नहीं चला होप का बल्ला

लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज ने दूसरे ओवर में ही बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कप्तान शाई होप (05) का विकेट गंवा दिया, जिन्हें अर्शदीप सिंह ने बोल्ड किया। हेटमायर पांच रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब मयंक यादव की गेंद पर अभिषेक ने स्लिप में उनका आसान कैच टपका दिया, जिसका फायदा उठाते हुए उन्होंने अर्शदीप की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे। वेस्टइंडीज ने पावर प्ले में एक विकेट पर 54 रन बनाए।



अंपायर से भिड़े विंडीज खिलाड़ी

भारतीय पारी के 20वें (आखिरी) ओवर में मैदान पर जमकर ड्रामा देखने को मिला। शमर जोसेफ की पांचवीं गेंद पर क्रीज पर मौजूद प्रिंस यादव शॉट नहीं लगा सके और गेंद सीधे विकेटकीपर शाई होप के हाथों में चली गई। शाई होप ने गेंद गेंदबाज शमर जोसेफ की तरफ फेंकी, लेकिन जोसेफ उसे कलेक्ट नहीं कर पाए। यह देखते ही प्रिंस यादव और मयंक यादव रन के लिए दौड़ पड़े और एक रन पूरा कर लिया। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों ने इस रन पर कड़ी आपत्ति जताई और मैदानी अंपायरों वीरेंद्र शर्मा और जयरामन मदनगोपाल से शिकायत की कि गेंद डेड हो चुकी थी। हालांकि, दोनों अंपायरों ने वेस्टइंडीज के दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि गेंद लाइव थी, इसलिए भारत को बाई का 1 रन दिया जाएगा।

सबसे कम गेंदों पर 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने अभिषेक

अभिषेक शर्मा अब टी20आई में सबसे कम गेंदों पर 2000 रन बनाने वाले बैटर बने और उन्होंने ये कमाल 1023 गेंदों पर करते हुए सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया।

- 1023 गेंद – अभिषेक शर्मा
- 1164 गेंद – सूर्यकुमार यादव
- 1283 गेंद – एरोन फिंच
- 1304 गेंद – ग्लेन मैक्सवेल
- 1390 गेंद – हार्दिक पांड्या

अभिषेक ने की सूर्यकुमार की बराबरी

अभिषेक ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 5 छक्के लगाए और वो एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में सूर्यकुमार यादव की बराबरी पर आ गए। सूर्यकुमार यादव ने साल 2022 में कुल 68 छक्के लगाए थे जबकि अभिषेक ने साल 2026 में अब तक कुल 68 छक्के लगा लिए हैं।

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	गेंद	4	6
सैमसन का पूरन बो जोसेफ	03	6	0	0
अभिषेक का एवं बो स्प्रिंगर	69	30	6	5
ईशान स्ट हेप बो चेस	37	18	6	1
अय्यर पगबाधा बो चेस	01	2	0	0
तिलक वर्मा रन आउट	28	16	4	0
नमन धीर स्प्रिंगर बो मोती	10	5	0	1
रेड्डी का होप बो पॉल	21	14	3	0
अक्षर पटेल रन आउट	20	14	2	0
अर्शदीप पगबाधा बो स्प्रिंगर	11	8	0	1
प्रिंस यादव नाबाद	13	6	3	0
मयंक यादव बो जोसेफ	00	1	0	0

अतिरिक्त :10 कुल:20 ओवर में 223 रन/10
गेंदबाजी: चेस 4-0-38-2, जोसेफ 4-0-54-2, पॉल 4-0-38-1, स्प्रिंगर 4-0-50-2, मोती 4-0-37-1.

वेस्टइंडीज	रन	गेंद	4	6
शाई होप बो अर्शदीप	05	5	1	0
पूरन का अर्शदीप बो नमन	42	27	3	3
हेटमायर बो नमन	43	26	6	2
पावेल का किशन बो अक्षर	05	7	0	0
रदरफोर्ड बो अर्शदीप	32	20	2	2
सैमसन का तिलक बो रेड्डी	21	15	1	1
पॉल का तिलक बो अर्शदीप	10	6	0	1
शमार स्प्रिंगर नाबाद	35	11	2	4
रोस्टन चेस नाबाद	05	4	0	0

अतिरिक्त: 11 कुल:20 ओवर में 209 रन/7
गेंदबाजी: मयंक 4-0-34-0, अर्शदीप 4-0-44-3, प्रिंस 4-0-37-0, नमन 3-0-39-2 , अक्षर 3-0-33-1, रेड्डी 2-0-19-1.

अभिषेक ने 18 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

अभिषेक शर्मा ने इस मैच में 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो टी20आई में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की तरफ से सबसे कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने जबकि ओवरऑल वो इस टीम के खिलाफ टी20आई में सबसे कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने के मामले में डेविड वॉर्नर और कोलिन मुनरो की बराबरी पर आ गए, जिन्होंने इस टीम के खिलाफ 18-18 गेंदों पर ये कमाल किया था।

रणजी ट्रॉफी

जायसवाल हुए डक पर आउट राहुल ने बनाए सिर्फ चार रन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रणजी ट्रॉफी का 11 अक्टूबर को आगाज हो गया है। देश के 18 वेन्यू पर मुकाबले खेले जा रहा है, जिसमें भारत के कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कुछ अनुभवी टेस्ट खिलाड़ियों की अपने-अपने मैचों में शुरुआत खराब रही। वे पहले दनि फ्लॉप रहे।

मुंबई और मुलापाडु में खेले जा रहे मैचों में भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल अपनी-अपनी पारियों के शुरुआती घंटे में ही आउट हो गए। दोनों का ही बल्ला शांत रहा। वानखेड़े स्टेडियम में चंडीगढ़ के खिलाफ मुंबई के लिए ओपनिंग करते हुए जायसवाल 13 गेंदों का सामना करने के बाद भी बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि आंध्र प्रदेश के खिलाफ राहुल चार रन पर आउट हुए। इस मैच में पिछले साल की रनर-अप टीम कर्नाटक को तेज गेंदबाजों कावुरी साईतेजा और केवी शशिकांत ने शुरुआती झटके देते हुए चार विकेट चटकाए। पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के लिए 73 गेंदों पर 70 रन बनाए। मुंबई के उप-कप्तान आयुष म्हात्रे 48 रन बनाए।

शमी की शानदार शुरुआत

दूसरी ओर बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर दिखा दिया कि उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। शमी और आकाश दीप ने दिल्ली के खिलाफ़ शानदार शुरुआत की और विकेट लिए और ओपनर्स को जल्दी आउट कर दिया। शुरुआती दौर के 18 मैच चल रहे थे, तभी अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के बीच होने वाला 'प्लेट ग्रुप' मैच रद्द कर दिया गया। अरुणाचल एसोसिएशन में चल रहे कानूनी विवाद की वजह से अहमदाबाद में होने वाले मैच के लिए टीम नहीं बन पाई।

खबर संक्षेप

मेस्सी ने क्लब मैच में बिखेरी चमक



मियामी। अर्जेंटीना की तरफ से आखिरी मैच खेलने के बाद लियोनेल मेस्सी ने क्लब स्तर पर दो गोल करके अपनी चमक बिखेरी, जिससे इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग में डीसी यूनाइटेड को 4-0 से हराया। लुई सुआरेज़ ने दो गोल किए जबकि जर्मन बर्तेरामे ने दो गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने पिछले पांच मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला तोड़ दिया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर डटे रहे। उनके अब इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में 23 गोल हो गए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं।

यूनिसेफ की 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' बनीं स्मृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना को यूनिसेफ इंडिया ने अपने 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' के रूप में नामित किया है।

यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर की गई, जो लड़कियों के अधिकारों, सुरक्षा, नेतृत्व और क्षमता पर ध्यान आकर्षित करता है। इसके साथ ही उन बाधाओं की भी पहचान करता है, जो उनके विकल्पों को सीमित करते हैं।

तेंदुलकर ने किया नियुक्ति का स्वागत : लंबे समय से दक्षिण एशिया के यूनिसेफ के क्षेत्रीय दूत के रूप में कार्य कर रहे दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मंधाना की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ' स्मृति मंधाना यूनिसेफ इंडिया परिवार में आपका स्वागत है। आप मैदान पर लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैदान के बाहर आप बच्चों के अधिकारों के लिए बुलंद आवाज बनोगी।'

हर सपना एक अवसर से शुरू: स्मृति
मंधाना ने कहा, 'यूनिसेफ इंडिया में सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में शामिल होकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं क्रिकेट खेलते हुए बड़ी हुई हूं और मुझे यह अच्छी तरह से पता है कि हर सपना एक अवसर से शुरू होता है।'



यश-गुरजपनीत और निशांत की तिकड़ी ने पलटी हारी हुई बाजी

भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में 49 रनों से हराया

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

भारत-ए ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे अनौपचारिक वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए को 49 रनों से हराया। यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह और निशांत सिंधु की तिकड़ी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए भारत के लिए हारी हुई बाजी को पलटा।

भारत-ए से मिले 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए की पूरी टीम 46.2 ओवर में 226 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को जोश फिलिप्स और लियाम स्कॉट ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। स्कॉट 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फिलिप्स 48 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 56 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे।



भारतीय गेंदबाजों ने की जबरदस्त वापसी

ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय पर 177 के स्कोर पर 3 विकेट खोकर मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 226 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अगले आखिरी 7 विकेट महज 49 रन जोड़कर गंवाए। यश ठाकुर और निशांत सिंधु ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि गुरजपनीत सिंह ने 56 रन देकर 3 विकेट निकाले।

आर्या और प्रभसिमरन ने की 83 रन की साझेदारी

इससे पहले, भारत के पूरी टीम 47.3 ओवर में 275 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत-ए को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत-ए की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 10.4 ओवर में 83 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन ने 39 रन बनाए। प्रियांश 49 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 57 गेंदों में 33 रन बनाकर मिचेल ओवेन का शिकार बने। रजत पाटीदार सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। निशांत सिंधु भी 5 रन ही बना पाए। सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम ने सातवें विकेट के लिए 85 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। विपराज ने 40 रन और सूर्यांश ने अर्धशतक जमाया। ऑस्ट्रेलिया-ए की तरफ से गेंदबाजी में विल सदरलैंड और बेन इवार्शुइस सबसे सफल रहे। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। लियाम स्कॉट ने 26 रन देकर 2 विकेट झटके।

मैट रेनशॉ ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड



डरबन। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान किसी एक टेस्ट पारी में निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेनशॉ ने तब क्रीज पर कदम रखा जब ऑस्ट्रेलिया मुश्किल में था। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाजों (8 से 11 नंबर) के साथ बल्लेबाजी करते हुए 397 गेंदों पर 190 रन की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उनकी इस पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 390 रन बनाए।

वनडे सीरीज में कीवी टीम पहनेगी विशेष जर्सी

इंडिया-न्यूजीलैंड की 100 साल की दोस्ती का जश्न

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के दौरान कमल के फूलों और मंडला कलाकृति वाली विशेष जर्सी पहनेगी, जो दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने का प्रतीक है।

इस जर्सी को 'कोतहितांगा' नाम दिया गया है, जो दोनों देशों के के क्रिकेट प्रेम और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका डिजाइन न्यूजीलैंड और भारत के साझा इतिहास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

22 अक्टूबर से शुरू होगा न्यूजीलैंड दौरा

भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर को 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 4 नवंबर से 5 वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे श्रृंखला के बाद 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला होगी।



माओरी डिजाइन से मेल खाती मंडला कलाकृति : मंडला कलाकृति माओरी डिजाइन प्रणालियों से मेल खाती है। थॉमसन ने पारंपरिक माओरी अमूर्त चित्रित स्क्रॉल डिजाइन और प्रतीकों (कोवाईवाई) को हेहे रेखाओं की पृष्ठभूमि पर बुना है, ताकि जीवित लोगों को दिवंगत लोगों से जोड़ा जा सके, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने वाले लोगों को सम्मान दिया जा सके तथा खिलाड़ियों, प्रशंसकों और पृष्ठभूमि में काम करने वाले लोगों के महत्व को दिखाया जा सके।

थॉमसन, नारंदास और पंचा ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि इस जर्सी को तैयार करने में कलाकार बेन थॉमसन, शिव नारंदास और जय पंचा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारंदास और पंचा ने तीन भारतीय प्रतीकों का एकीकृत तत्वों के रूप में इस्तेमाल किया है। इनमें भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल, भारतीय वास्तुकला से जुड़ा ओगी पैटर्न और मंडला कलाकृति शामिल है।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
एच.एल.सी- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर छ.ग. फोन- 0771-4040349, फैक्स- 0771-4040334

नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी / जमानतदारों को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। ऋणी द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा ऋणी / जमानतदारों को एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पतियों का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी / जमानतदारों और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित सम्पतियों से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। *ऋणी / जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।*

क्र.	उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना / कब्जे की तिथि	बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण
1.	**उधारकर्ता :- सुश्री रुखसार परवीन** पिता श्री अब्दुलदु लतीफ	(1) 27.07.2026 (2) 08.10.2026	रू. 2216981.00 +ब्याज एवं अन्य शुल्क	खसरा नं 202/176, क्षेत्रफल- 600 वर्गफुट की भूमि, जो विक्रेताओं के स्वामित्व एवं कब्जे में है तथा जिस पर भूतल पर क्षेत्रफल 500 वर्ग फुट का पक्का मकान निर्मित है। उक्त संपत्ति नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मार्ग से लगभग 500 मीटर अंदर स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि चौरसिया कॉलोनी, नवदुर्गा चौक, चंद्रशेखर आजाद वार्ड की बाजार मूल्य मार्गदर्शिका की धारा क्रमांक-3 के अंतर्गत, ग्राम-मठपुरैना, प.ह नं 00061, आर.एन.एम.-रायपुर-14- बोरियाखुर्द, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) पर स्थिता(सेल डीड दिनांक 30/08/2024, पुस्तक क्रमांक-1, खंड क्रमांक2397, पृष्ठ क्रमांक 432 से 456, दस्तावेज क्रमांक CG-2024-25-109-1-4162)सीमाएँ:-उत्तर- वर्मा का मकान, दक्षिण - बलभद्र पांडे का मकान, पूर्व- सड़क, पश्चिम- अन्य की भूमि।
2.	**उधारकर्ता :- श्रीमती सपना केडिया** पति श्री नवीन केडिया एवं **श्री नवीन केडिया** पिता श्री गोपाल प्रसाद केडिया	(1) 01.08.2026 (2) 06.10.2026	रू. 3223344.00 +ब्याज एवं अन्य शुल्क	फ्लैट नं 103, "अशोका रत्न", बहुमंजिला भवन, "ब्लॉक-6, प्रथम मंजिल, खसरा क्रमांक 1101, 1102, 1281, 198, 1099, 1130/2, 1104/2, 1105/2, 1100, 1097, 1098, 1321, 199, 207/9, मौजा ग्राम-शंकर नगर, प.ह नं 110, वार्ड नं 27, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, रायपुर, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) में सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 964 वर्ग फुट पर स्थित आवासीय संपत्ति (सेल डीड नं दिनांक 31/03/2017, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 72890, पृष्ठ क्रमांक 235 से 267, डीड नं 8501)। सीमाएँ:- उत्तर-सड़क,दक्षिण- सड़क,पूर्व-अन्य की भूमि,पश्चिम- अन्य की भूमि .

दिनांक: 12.10.2026, स्थान- रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

ऐसा हर जगह क्यों नहीं हो सकता?

ओडिशा का बाबेइजोड़ा गांव साफ-सफाई के मामले में बना मिसाल



नई दिल्ली। ओडिशा के बाबेइजोडा गांव ने साफ-सफाई के मामले में मिसाल कायम की है। इस गांव के साफ-सफाई की काफी तारीफ हो रही है। गांव 15 साल से कचरा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बना हुआ है। अब तो उद्योगपति हर्ष गोयनका ने भी इस गांव की तारीफ कर दी। साथ ही उन्होंने देश के अन्य गांव और शहरों में इसी तरह के मिशन अपनाने की अपील की है। बाबेइजोडा गांव की तारीफ में की गई हर्ष गोयनका की पोस्ट पर काफी लोगों ने प्रतिक्रियाएं दी हैं।

दरअसल, हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बाबेइजोडा गांव का वीडियो शेयर किया है। यह ओडिशा के मयूरभंज जिले के बिसोई ब्लॉक में स्थित छोटा सा आदिवासी गांव हैं। बाबेइजोडा गांव की साफ-सफाई की तारीफ करते हुए हर्ष गोयनका ने सवाल उठाया कि क्या ऐसे ही मिशन दूसरे गांवों और शहरों में नहीं अपनाए जा सकते हैं।

लोगों की प्रतिक्रियाएं

एक यूजर ने तो सवाल उठाते हुए लिखा, "पेड़ कहां है? क्या कूड़ा-रहित जीवन जीने का यही तरीका है। वीडियो में तो मुझे काफी गर्मी महसूस हो रही है। मुझे लगता है कि यह गांव का आदर्श मॉडल नहीं है। अगर किसी को सच में ऐसा करना है तो मिजोरम आ जाइए. वहां के गांव सचमुच साफ-सुथरे हैं। क्यों? क्योंकि लोग जिम्मेदारी लेते हैं।

एकदम साफ दिख रहीं गांव की सड़कें

वीडियो में बाबेइजोडा की सड़कें एकदम साफ दिख रही हैं। साथ ही लोगों के घर भी चमकीले रंगों से रंगे हुए हैं। वीडियो में कही पर भी रास्ते में कचरा नहीं नजर आ रहा है। जब हर्ष गोयनका ने इस गांव की तरह अन्य गांव और शहरों में मिशन चलाने को लेकर सवाल किया तो लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।

9 साल का बच्चा बना दुनिया के लिए मिसाल, लगा रहा 1 लाख करोड़ पौधे



बर्लिन। जनवरी 2007 में जर्मनी में नौ साल के फेलिक्स फिंकबाइनर चौथी कक्षा में थे तो उन्हें क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) पर प्रेजेंटेशन देना था। इसी पर पढ़ते हुए उनको वंगारी मथाई की कहानी के बारे में पता चला, जिनके ग्रीन बेल्ट मूवमेंट ने केन्या में महिलाओं को 3 करोड़ पेड़ लगाने में मदद की थी। फेलिक्स ने अपने प्रेजेंटेशन को इस सुझाव के साथ खत्म किया कि हर देश के बच्चों को दस लाख पेड़ लगाने चाहिए। इसके बाद ये ऐसा आंदोलन बना, जिसके चलते एक ट्रिलियन पेड़ लगाने का शानदार काम किया जा रहा है। यूनाइटेड नेशंस एनवायरनमेंट प्रोग्राम के अनुसार, जो चीज एक स्कूल प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू हुई थी, वह सिर्फ तीन साल बाद एक बहुत बड़ी उपलब्धि तक पहुंच गई, जब इस पहल के तहत जर्मनी में दस लाखवां पेड़ लगाया गया। इस पहल का मकसद दुनिया को एक ट्रिलियन (10 खरब) पेड़ फिर से उगाने में मदद करना है।


बवासीर को नजरअंदाज करने से पड़ सकती है
सर्जरी तक की ज़रूरत
बवासीर पर करें दुगना वार
अंदरूनी रूप से असर करें
2X केयर
बाहरी रूप से असरदार
सॉफ्ट एप्लिकेटर के साथ
सिध्दायु - बेचनारां का भरोसा
मुफ्त वैद्यकीय सलाह के लिए संपर्क करे : 844 844 4935


सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.


(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
मातृत्व के हर कदम पर, विशेषज्ञ देखभाल का भरोसा।
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371


MushroomAD
Mushroom Soup Powder
हेल्थी बॉडी, कॉन्फिडेंस रेडी
लाखो ग्राहकों का विश्वास
नया पैक
भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मशरूम उत्पाद
मशरूम के प्राकृतिक गुणों से भरपूर
• भूख व वजन बढ़ाने में सहायक
• दुबलेपन को दुर करने में सहायक
• प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक
• गैस तथा एसिडीटी के लिए भी लाभदायक
• उर्जावान बनाने व कॉन्फिडेंस बढ़ाने में सहायक
कमजोरी हटाने व नया खुन बनाने में सहायक
सभी मेडिकल्स में उपलब्ध. For More details Trade Enquiry 9373556677, 9823286830
SS - पंकज मेडीकोज, बिलासपुर -6261187686, नथानी एजेन्सी, रायपुर - 7746032260, राजनांदगाव - महेश एजन्सी-7000616262, ताराचंद चितलांगीया | कं. -8889669996


PRADIKSHA HERBAL दर्द अनेक, उपचार एक!
प्रदिक्षा आर्थो ऑयल
घुटने का दर्द, साइटिका, गाठिया, हड्डियों का दर्द, मांसपेशियों में सूजन, जकड़न, आमवात, संधिवात और मोच में भी लाभदायक एक बार अवश्य आजमायें।
Custmer Care - 9112637000, 9823286830


संजीवनी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
यूनिट - 1, 2, 3 एंड 4
स्त्री रोग कैंसर
डॉ. दिव्या खटोड़ MS, DrNB कैंसर सर्जन 88841 86676
डॉ. नेहा जायसवाल DGO, DNB, FMAS स्त्री रोग कैंसर सर्जन 87190 62082
कैंसर उपचार एवं सर्जिकल सेवाएँ
• कैंसर सर्जरी • स्तन कैंसर सर्जरी
• मिनिमली इनवेसिव एवं रोबोटिक • गर्भाशय एवं सर्वाइकल कैंसर
• ओवेरियन एवं अन्य स्त्री रोग कैंसर • जटिल कैंसर का प्रबंधन
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389905010, 04010


Hero
हीरो संग त्योहार है हर कहीं...
नवरात्रि की शुभकामनाएँ
हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है मध्य प्रदेश के राजू धुर्वे की गोंड कला.
गोल्ड कॉइन और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000$ तक
SBI card HDFC BANK pine labs
कम डाउन पेमेंट ₹6999^ से शुरू
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200~ तक
For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife
Also Available on: Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.
TOLL FREE 1800 266 0018
अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. ... अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, ... सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, ... जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, मनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, ... गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, ... श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 ... श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, ... विक्की मोटर्स: 9755583102, ... शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, ... राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, ... अंकित ऑटो: 9425240565, ... श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 ... गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, ... अग्रवाल मोटर्स 9424212141, ... बंसल ऑटो 9425513611, ... युवराज मोटर्स 8085160380, ... आरसन मोटर्स 9340335266, ... हर्ष ऑटो 8109502100, ... दिव्या ऑटो 9893492107, ... प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, ... आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, ... गुरुनानक ऑटो 9425596290, ... साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, ... किरन ऑटोकेयर 9754069392, ... राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, ... कान्हा मोटर्स 6260472025, ... बजरंग मोटर्स 9425511973, ... जैन ऑटोकेयर 9425563502, ... माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, ... छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, ... सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, ... एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, ... जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, ... भारत मोटर्स 9993417123, ... अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, ... शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, ... अंशू ऑटो, 9406054292, ... रिशान सर्विसेज, 6267323235, ... गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, ... दिलीप मोटर्स, 7869151152, ... आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, ... संस्कार मोटर्स, 9406203600, ... दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, ... शुभम ऑटो केयर, 9754000069, ... अमर मोटर्स, 9827969901, ... साई मोटर्स, 9754329434, ... राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, ... जी वी मोटर्स, 7566666243, ... श्रीराम ऑटो, 6260060443, ... माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, ... श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, ... श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, ... प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, ... (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.
Cheil 33547/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com